# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 82 । नर्मदापुरम, गुरुवार 19 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



बरसों से गंदी पड़ी टंकी में कीड़े, बिना सफाई कर रहे नर्मदा जल सप्लाई — पृष्ठ 2
- ईरान में तख्तापलट के लिए छेड़ा गया युद्ध
- सिकल सेल रोग रौशनी का एक दीप जलाओ — पृष्ठ 4
- भोपाल से सिरोंज आ रही यात्री बस पलटी, 30 से अधिक यात्री घायल — पृष्ठ 6

6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही भारत की जीडीपी : पुरी — पृष्ठ 8


मोदी-ट्रंप की फोन पर हुई बात

## भारत किसी मध्यस्थता को नहीं मानता

### भविष्य में भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा





**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर स्पष्ट कर दिया है कि इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 35 मिनट चली बातचीत में पीएम मोदी ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है और भविष्य में भी ऐसी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने मीडिया को इस बातचीत की जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के मुताबिक, पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई है।

दोनों नेताओं की मुलाकात कनाडा में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान होनी थी, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप को जल्दी वापस अमेरिका लौटना पड़ा, जिसके कारण ये मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर आज दोनों लीडर्स की फोन पर लगभग बात हुई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच ये पहली बातचीत हुई।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया, पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में कभी भी और किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील या अमेरिका की ओर से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी। सैन्य कार्रवाई रोकने की बात सीधे भारत और पाकिस्तान के बीच हुई। दोनों सेनाओं की बात मौजूदा चैनल्स के माध्यम से हुई थी। पाकिस्तान के ही आग्रह पर ये बातचीत हुई थी।

जी7 शिखर सम्मेलन

### आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई मजबूत हो : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडा के कनानास्किस में बुधवार को जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद का समर्थन और उसे बढ़ावा देने वाले देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आह्वान किया। सुरक्षा चुनौतियों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देशों से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की बात पर जोर दिया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को मजबूत समर्थन देने के लिए वैश्विक समुदाय का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर हमला था।

ईरान के सुप्रीम नेता ने चेताया, अमेरिका का दखल मंजूर नहीं

## ईरान समर्पण नहीं करेगा

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक संदेश में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा।'

खामेनेई का यह संदेश ईरान के नेशनल टीवी पर एंकर ने पढ़ा। खामेनेई ने कहा, 'जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता। इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी। ईरान थोपी गई शांति या युद्ध को नहीं मानेगा।' इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### अगले 48 घंटे ईरान के लिए महत्वपूर्ण : अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी अधिकारियों ने व्हाइट हाउस सिचुएशन रूम में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक के दौरान कहा कि अगले 24 से 48 घंटे निर्णायक सिद्ध होंगे जो यह निर्धारित करेंगे कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष का कूटनीतिक समाधान संभव है या फिर राष्ट्रपति सैन्य कार्रवाई का सहारा लेंगे।

### ट्रंप के साथ बातचीत पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर हुई बातचीत को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को पार्टी की ओर से इस मांग को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री को तीन देशों की यात्रा से लौटने के बाद तत्काल एक सर्वदलीय बैठक की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण रंग पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव को किया संबोधित

## प्रदेश में पर्यटकों के लिए आरंभ होगी हेलीकॉप्टर सेवा



- 241 होम-स्टे का वर्चुअल लोकार्पण
- होम-स्टे में शत-प्रतिशत लक्ष्य पाने वाले 10 कलेक्टर सम्मानित

**भोपाल, देशबन्धु।** ग्राम स्तर पर पर्यटन गतिविधियों से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक उन्नति के अवसर उपलब्ध होते हैं। प्रदेश में विकसित हो रहे होम-स्टे भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के 'अतिथि देवो भव:' के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम बन रहे हैं। होम-स्टे संचालनकर्ता और राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में आने वाले सभी अतिथि प्रदेश के बारे में सकारात्मक छवि और अच्छी स्मृतियां साथ लेकर जाएं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रामीण रंग पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटन के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य विभाग आदि समन्वित रूप से इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 2020 की तुलना में 2024 में 526 प्रतिशत अधिक पर्यटक आए। ओरछा, खजुराहो के अलावा प्रदेश में कान्हा, पेंच और बांधवगढ़ आने वालों की संख्या बढ़ी है। देश के 5 सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय उद्यानों में यह तीनों स्थान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर लगभग 241 होम-स्टे शुरू करना एक अभिनव प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होम-स्टे निर्माण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले नर्मदापुरम, आगर, छतरपुर, निवाड़ी, मुरैना, सीहोर, सीधी और पन्ना सहित 10 जिला कलेक्टरों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए सिग्निफाइंग और टूरिज्म बोर्ड के बीच 61 गांवों में एलईडी एवं सोलर लाइट्स लगाने के लिए एमओयू का आदान प्रदान किया गया। साथ ही स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी और टूरिज्म बोर्ड के बीच फिल्म निर्माण एवं डिजिटल प्रमोशन के लिए एमओयू और एमपी टूरिज्म बोर्ड एवं एमपीएसईडीसी के बीच एमओयू का आदान-प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भावसिंह लोधी ने कहा कि पिछले साल 13 करोड़ 41 लाख से ज्यादा पर्यटकों का आगमन हुआ है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग नवाचारों के साथ पर्यटन को प्रोत्साहन दे रहा है। प्रदेश के 121 गांवों को चयनित कर 241 होम-स्टे तैयार करने का कार्य किया है। सरकार ने 1 हजार होम-स्टे बनाने का लक्ष्य तय किया है। वहीं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। हर सेक्टर की विशेषताओं को देखते हुए नागरिकों को प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। टूरिज्म को गति प्रदान करने में होम-स्टे एक अभिनव प्रयास है। प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन निगम, मिशन मोड में ग्रामीण परिवेश में होम-स्टे बनाने, ग्रामीणों को आतिथ्य का प्रशिक्षण देने और सुविधाएं विकसित करने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### वेबसाइट लॉन्च, प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण पर्यटन पर केंद्रित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण रंग पर्यटन संग उत्सव के अंतर्गत विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों और संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही चाक पर मिट्टी की कलाकृतियां भी बनाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए डेडिकेटेड माइक्रो वेबसाइट लांच की और प्रदेश के विभिन्न गांवों में निर्मित 241 होम-स्टे का वर्चुअल लोकार्पण किया।

## अपहृत 12 ग्रामीणों को नक्सलियों ने छोड़ा, 3 की ली जान, 13 साल के बच्चे को भी नहीं छोड़ा







**बीजापुर, एजेंसी।** बीजापुर के पेदाकोरमा में नक्सलियों ने मंगलवार शाम तीन ग्रामीणों की हत्या की थी। इसके बाद 12 लोगों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए थे। बुधवार सुबह नक्सलियों ने बंधक बनाए गए ग्रामीणों को रिहा कर दिया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद उन्हें छोड़ दिया।

**रणनीति बनाकर की गई हत्याएं :** नक्सलियों ने जिन तीन लोगों की हत्या की उनके नाम जूंगू मोडियम, सोमा मोडियम, अनिल मांडवी है। जिन्हें सोमवार 16 जून का नक्सलियों ने अगवा किया था। इसके बाद तीनों की मंगलवार 17 जून को हत्या कर दी गई। वहीं अपहरण किए गए 12 लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

**किनकी हुई हत्या :** मारे गये युवकों में आत्मसमर्पित नक्सली कमांडर दिनेश मोडियम के रिश्तेदार हैं। जिनके नाम जूंगू मोडियम और सोमा मोडियम है.अनिल मंडावी का भाई सीआरपीएफ बस्तर बटालियन में है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तय समय सीमा के भीतर नक्सलवाद का सफाया कर दिया जाएगा। 31 मार्च 2026 तक माओवाद के खात्मे की समय-सीमा रखी गई है। माओवाद के सफाए के लिए सरकार एंटी नक्सल ऑपरेशन तो चला ही रही है। इसके साथ साथ माओवादियों के पुनर्वास और समर्पण के लिए नई नीति भी लेकर आई है। इस नीति के तहत माओवादियों को हथियार डालने पर नगद राशि के साथ साथ स्किल डेवलपमेंट का कोर्स भी कराया जा रहा है।

गडकरी ने वार्षिक पास का किया ऐलान

## 3 हजार का वार्षिक फास्टैग पास होगा शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को वार्षिक फास्टैग का ऐलान किया। सरकार की ओर से यह घोषणा निजी वाहन चालकों पर टोल के बोझ को कम करने के लिए की गई है।

केंद्रीय मंत्री की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, एक ऐतिहासिक पहल के तहत, 15 अगस्त 2025 से 3,000 रुपए की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा रहा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। इस वार्षिक पास से निजी वाहन चालकों को बार-बार फास्टैग रिचार्ज से करने से छुटकारा मिल जाएगा और वे आसानी से बिना किसी रुकावट से यात्रा कर पाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट में आगे लिखा, यह पास केवल गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों (कार, जीप, वैन आदि) के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है और यह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा को संभव बनाएगा। वार्षिक पास को रिन्यू करने लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप और एनएचएआई / एमओआरटीएच की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक यह नीति 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इस बार जनगणना में पूछे जाएंगे ये 6 नए सवाल

## कौन सा अनाज खाते हो, घर में कितने फोन?



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत में होने वाली जनगणना देश की सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय तस्वीर को समझने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस लिहाज से 2027 में होने वाली जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक होगी, क्योंकि यह पहली बार पूरी तरह डिजिटल रूप से आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना होगी। यह 1931 के बाद पहला अवसर होगा जब देश की सभी जातियों का डाटा कलेक्ट किया जाएगा। इस जनगणना में कुछ नए सवाल शामिल किए गए हैं जो आधुनिक जीवनशैली और विकास के मापदंडों पर केंद्रित हैं। इन नए सवालों में घर में इंटरनेट कनेक्शन, मोबाइल और स्मार्टफोन की उपलब्धता, पीने के पानी का स्रोत, गैस कनेक्शन का प्रकार, वाहनों की उपलब्धता और घर में उपयोग होने वाले अनाज का प्रकार शामिल हैं।

**1. घर में इंटरनेट का कनेक्शन है :** इस सवाल का उद्देश्य डिजिटल कनेक्टिविटी का आकलन करना है। सरकार यह जानना चाहती है कि कितने परिवारों के पास इंटरनेट कनेक्शन है और इसका उपयोग कितने डिवाइस के साथ हो रहा है। यह डेटा डिजिटल इंडिया पहल की प्रगति को मापने में मदद करेगा और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में डिजिटल डिवाइड को समझने में सहायक होगा।

**2. मोबाइल फोन और स्मार्टफोन व इनका मालिकाना किसका है :** इस सवाल के तहत यह पूछा जाएगा कि परिवार में कितने मोबाइल फोन और स्मार्टफोन हैं और इनका मालिकाना हक किसके पास है। यह डेटा मोबाइल और स्मार्टफोन की पहुंच को मापने में मदद करेगा, जो शिक्षा, वित्तीय समावेशन और डिजिटल सेवाओं के उपयोग में महत्वपूर्ण है।

**3. घर के अंदर पीने के पानी का स्रोत क्या है :** पीने के पानी का स्रोत एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और स्वच्छता संकेतक है। इस सवाल के माध्यम से सरकार यह जानना चाहती है कि परिवार कुएं, हैंडपंप, नल, बोतलबंद पानी या अन्य स्रोतों का उपयोग करते हैं। यह जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं की प्रगति को मापने में सहायक होगा।

**4. किस तरह का गैस कनेक्शन है :** इस सवाल में यह पूछा जाएगा कि खाना पकाने के लिए परिवार किस प्रकार के ईंधन का उपयोग करता है- एलपीजी, पीएनजी, लकड़ी, गोबर के कंडे या अन्य। यह स्वच्छ ऊर्जा और उज्ज्वला योजना जैसे कार्यक्रमों की सफलता को समझने में मदद करेगा।

**5. कौन-कौन सी गाड़ी है? :** इस सवाल के तहत परिवार के पास उपलब्ध वाहनों जैसे साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, जीप या वैन की जानकारी एकत्र की जाएगी। यह डेटा परिवहन और आर्थिक स्थिति के विश्लेषण में सहायक होगा।

**6. घर में किस तरह का अनाज प्रयोग करते हैं? :** यह सवाल खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति को समझने के ■ शेष पृष्ठ 8 पर




## जलीय कीटाणुओं से भरी है तारबहार की पेयजल टंकी

### नगर में लगे नलों से पानी के साथ जलीय कीटाणु निकल रहे हैं

# बरसों से गंदी पड़ी टंकी में कीड़े, बिना सफाई कर रहे नर्मदा जल सप्लाई

**सोहागपुर देशबन्धु।** नगर में शुद्ध और स्वच्छ जल के लिए ग्राम ईश्वरपुर से सुहागपुर तक नर्मदा का पानी घर-घर पहुंचने के लिए नर्मदा जल योजना पाइपलाइन डाली गई थी। यह पानी नगर में स्थित बड़े ट्रीटमेंट प्लांट में इकट्ठा होता है। यहां से पानी को शुद्ध और कीटाणु रहित करके नगर के प्रत्येक वार्ड में बनी टंकियां में संग्रह किया जाता है। यहां से सभी घरों में सप्लाई की जाती है परंतु बरसों से साफ सफाई के अभाव में नर्मदा जल योजना के अंतर्गत नगर में लगे नलों से पानी के साथ जलीय कीटाणु निकल रहे है। कीटाणु इतने छोटे है आसानी से दिखाई नहीं देते हैं यह बहुत बारीक धागे की तरह पतले होते हैं और लगभग 1 इंच



इनकी लंबाई होती है।यह सफेद और काले रंग में निकल रहे हैं।शिवम परदेशी ने बताया कि नर्मदा जल योजना के अंतर्गत लगे नल से बाल्टी में पानी भरा तो उसमें 1 इंच का कीटाणु नजर आया जो कि पानी में तैर रहा था।कीटाणु निकलने से नल योजना के अधिकारियों के खिलाफ काफी रोष देखा जा रहा है लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। दूषित पेयजल आपूर्ति होने से बीमारी फैलने की भी आशंका बनी हुई है अभी तो बारिश पूरी तरह से प्रारंभ नहीं हुई है, उससे पहले ही नलों में से कीड़े निकालने की घटना सामने आई है यह कीड़े बहुत ही खतरनाक होते हैं जो कि शरीर के अंदर जाकर घातक बीमारियों को जन्म देते हैं।

### कंपनी देख रही वितरण व्यवस्था, नगर परिषद को हैंडओवर नहीं किया

इस संदर्भ में नगर पंचायत के शाखा प्रभारी से बात की तो उन्होंने बताया कि अभी सोहागपुर नगर पंचायत को नर्मदा जल योजना प्रारंभ करने वाली कंपनी द्वारा पानी की व्यवस्था का वितरण कर रही है अभी उन्होंने नगर पंचायत को यह व्यवस्था नहीं सौपी है आप उन्हीं के अधिकारियों से बात की कर लीजिए हम कुछ नहीं कर सकते।नर्मदा जल योजना के कर्मचारी लाल जी पटेल ने बताया कि नगर में कुछ वार्डों में कीटाणु निकलने की शिकायत मिली है अपनी टेक्नीशियन टीम पहुंच कर वहां के पानी का सर्वे करेंगे। पानी की जांच की जाएगी। जिस कारण से यह कीड़े नलों में से निकल रहे हैं उसे जल्दी समाप्त किया जाएगा।

### करोड़ों खर्च फिर भी नागरिक को नहीं मिल रहा शुद्ध जल.....

नर्मदा नाल जन योजना में करोड़ों रुपए की राशि खर्च की गई है पूरे नगर में भारी भरकम राशि से बनाई गई सीमेंट की सड़क तोड़ डाली गई जगह-जगह पाइप लाइन टेलीफोन केबल बिजली के पोल अस्त व्यस्त हुए और फिर कंपनी ने पाइपलाइन बिछई वॉटर मीटर लगाए गए लोगों को उम्मीद थी कि शुद्ध पानी मिलेगा परंतु टंकी में पहुंचने वाले पानी को शुद्ध नहीं किया गया।

लाभुकों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की पहल

## धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत ग्राम स्तरीय शिविर का आयोजन



**सोहागपुर देशबन्धु।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नयागांव के ग्राम डूड़ादेह में ग्राम स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, केसीसी,पीएम जनधन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के समेत कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए। जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनजातीय टोलों में शिविर का आयोजन कर अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। अभियान के तहत पहचान एवं बुनियादी दस्तावेज, वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य एवं पोषण सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित राज्य व केंद्र सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर सीओ संजय अग्रवाल, सरपंच खुशबू रघुवंशी, सचिव, एवं समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी शगण मौजूद रहे।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत भैंसदेही कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ आयोजित

**भैंसदेही, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैंसदेही का ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन नगर के उमा मैरिज लान में आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय पर्यवेक्षक केवल सिंह पठानिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी से पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल,वरिष्ठ नेता अरुण श्रीवास्तव और मप्र कांग्रेस के सचिव अजय दात्रे ने कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर उनकी राय जानी। बैठक में केंद्रीय पर्वेक्षक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि संगठन सर्जन अभियान संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस पहल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागद्रे,आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम,पूर्व विधायक निलय डागा,धरमू सिंह सिरसाम,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज रानू ठाकुर, आदि मौजूद रहे।

## प्रेम संबंध में पत्नी को भगाकर ले जाने वाले युवक की पति ने की हत्या, 11 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**शाहपुर , देशबन्धु।** प्रेम संबंध में पत्नी को भगाकर ले जाने वाले युवक को परिजनों ने मिलकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने 24 घंटों में पुलिस ने सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मंडई खुर्द की है, जहां युवती संगीता नागले अपने पति बलदेव से झगड़ा कर अपने प्रेमी राजा घोरपड़े (निवासी घाट पिपरिया, जिला बैतूल) के साथ अपनी 5 वर्षीय पुत्री को लेकर गुजरात चली गई थी। संगीता के भाई अशोक ने संगीता को फोनकर कहा कि वह घर वापस आ जाए तो उसका तलाक कराकर राजा से शादी करवा देगा। भाई के फोन के बाद संगीता 16 जून को अपने प्रेमी राजा के साथ घर आ रही थी इसी बीच संगीता के पति बलदेव और अन्य परिजनों ने योजना बनाकर दोनों को भौंरा में बस से उतारकर जबरन मारपीट की गई। इसके बाद पीड़ितों को ग्राम गुरगुन्दा स्थित अरुण बेले के घर ले जाकर राजा घोरपड़े के हाथ-पैर बांधकर उसे लाठी, डंडे, पाइप, बेल्ट, घूंसे व लातों से इतनी बेरहमी से पीटा गया कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल अवस्था में राजा को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई थी। इस हत्याकांड में गिरफ्तार किए सभी 11 आरोपियों में बलदेव पिता शिवचरण नागले (31 वर्ष) निवासी मण्डई खुर्द, चौकी पाढर सम्मी उर्फ शनि पिता सुन्दरलाल नागले (30 वर्ष) निवासी अर्जुन नगर, बैतूल अनिल पिता बद्री बेले(42 वर्ष) निवासी गुरगुन्दा, राजकुमार पिता रामाधार कोगे(36 वर्ष) निवासी साकादेही, अशोक पिता सुरतलाल कुदारे (26 वर्ष) निवासी भयावाड़ी, रमेश पिता पन्नालाल कुदारे 48 वर्ष) निवासी भयावाड़ी, मुकेश पिता बद्री कुदारे (35 वर्ष) निवासी भयावाड़ी, अभय पिता रमेश कुदारे (22 वर्ष) निवासी भयावाड़ी, भयावाड़ीअरुण पिता अनिल बेले उम्र 23 वर्षनिवासी गुरगुन्दा, यशोदा पति राजकुमार कोगे (30 वर्ष) निवासी साकादेही, थाना कोतवाली सोनम पति सम्मी उर्फ शनि नागले(28 वर्ष) निवासी साकादेही है।



## अवैध सागौन तस्कर के खिलाफ वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, लाखों रुपए की सागौन के लट्ठे जप्त

**चिचोली, देशबन्धु।** वन विभाग की बड़ी कार्रवाई लाखों की अवैध सागौन जप्त जिले में अवैध सागौन तस्कर के खिलाफ वन विभाग ने की बडी कार्रवाई बैतूल जिले के पश्चिम वन मंडल के अंतर्गत सांवलीगढ़ रेंज मे सागौन तस्करों के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में सागौन के लट्ठे से लदे एक पिकअप वाहन परिवहन करते हुए जप्त किया है इसी के साथ एक कार भी जप्त की है। वन विभाग की टीम ने चुनाहजुरी फोफलिया भौरा, मार्ग घेरा बंदी कर सागौन से लदे पिकअप वाहन जप्त कर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी को हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग को मुखबीर से सूचना मिली की सागौन तस्कर माटीगड़ खपरावाडी, के आसपास के जंगलों से एक पिकअप वाहन में भारी मात्रा में सागौन के लट्ठे भरकर अवैध परिवहन किया जा रहा है इसके बाद वन विभाग के टीम ने घेराबंदी कर सागौन से लदे एक पिकअप वाहन और एक रेकी कर रही कार को जप्त किया है पिकअप वाहन मे 13 नग सागौन के लट्ठे लदे हुए। जिसकी कीमत लगभग तीन लाख के आसपास बताई जा रही है इसी के साथ अवैध सागौन परिवहन करते हुए तीन आरोपी सूरज पिता शेर बहादुर थापा नर्मदापुरम उम्र 23 साल, गौरव पिता राकेश केवट 23 साल नर्मदापुरम और एक और साथी नवीन पिता संतोष उबनारे 25 साल रामनगर बैतूल निवासी है तीनों आरोपियों पर वन विभाग में वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है और एक अवैध सागौन से लदे पिकअप वाहन एवं एक कार को वन विभाग परिसर में अपनी अभिरक्षा में लेकर खड़ा कराया है। क्षेत्र में अवैध सागौन तस्कर नए-नए तरीके से तस्करी करने में लगे हुए हैं इस कार्रवाई में आईएफएस अधिकारी धुव्र श्रीवास्तव ,आईएफएस सांवलीगढ़ प्रभारी आर ओ अक्षत जैन,एस डी ओ तावडी जितेंद्र आवासे ,आर ओ सारणी सावेन्दु नायक,आर ओ चिचोली शैलेंद्र चौरसिया, रमेश रावत, कुंवरलाल सहित बड़ी संख्या में वन विभाग की टीम मौजूद रही।



## मुस्कान संस्था के नाम पर चंदा वसूली की शिकायत



**इटारसी, देशबन्धु।** कुछ लोग शहर में चंदा वसूली कर रहे हैं। ये कभी स्वयं को मुस्कान संस्था में रहना बताते हैं तो कभी इंदौर की किसी संस्था का पता बताते हैं। शिकायत मिलने पर मुस्कान संस्था ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने ऐसे लोगों की जानकारी के लिए अपने बीट इंचार्ज को भी निर्देश दिये हैं। मुस्कान संस्था के संचालक मनीष सिंह ठाकुर ने कहा कि कुछ अज्ञात महिलाएं हमारी संस्था के नाम पर लोगों से दान मांग रहे हैं। एक महिला इटारसी में घूमकर लोगों से दान मांग रही है, जो हमारी संस्था के नाम पर धोखाधड़ी कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि हमारी संस्था किसी भी प्रकार का दान मांगने के लिए कोई अधिकृत व्यक्ति नहीं भेज रही है, ना हमारी संस्था द्वारा ऐसे दान लिया जाता है।

यदि कोई व्यक्ति या महिला आपसे दान मांगती है तो कृपया तुरंत संस्था या पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि हम अपने दानदाताओं और समाज के लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे ऐसी धोखाधड़ी वाली गतिविधियों से सावधान रहें और हमारी संस्था के मोबाइल नम्बर 9425372990 पर तत्काल सूचित करें। ऐसी जानकारी मिली है कि करीब 11 महिलाएं, बच्चे और पुरुष सहित 40 लोग शहर में घूम रहे हैं, कुछ दान मांग रहे हैं, कुछ भीख मांग रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहें। कोई ऐसे अनजान दिखे तो सूचना पुलिस को दें।

### गांवों में भी दहशत का माहौल

शहर के आसपास के ग्रामीण अंचलों में विगत 12 से 15 दिनों से चोरी की वारदात हो रही हैं और कुछ संदिग्ध लोग देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निमसाड़िया, दमदम, पांजरा कला, धोखेड़ा, सनखेड़ा, लोहारिया, इटारसी, खेड़ा, ब्यावरा क्षेत्र में चोरी जैसी वारदात हो रही हैं। चोरों की टोली 10 से 12 लोगों की है, सभी साधनों के साथ चलते हैं। ग्रामीणों ने लोगों को सावधान करने सोशल मीडिया पर भी सूचना पोस्ट की है।

## जल जीवन मिशन की सभी पेयजल योजनाएं शीघ्रता से पूर्ण करें, कलेक्टर ने बैठक में दिये जरूरी निर्देश

**हरदा, देशबन्धु।** जल जीवन मिशन के तहत जिले में संचालित सभी पेयजल योजनाएं शीघ्रता से पूर्ण करें। पूर्ण हो चुकी सभी पेयजल योजनाओं को संबंधित पंचायतों को हस्तांतरित भी करते जायें। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों व संबंधित निर्माण एजेन्सियों को दिये। बैठक में उन्होने एक-एक ठेकेदार से व्यक्तिगत चर्चा कर पेयजल योजनाओं के लंबित और पूर्ण कार्यों की जानकारी ली और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री जैन ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत पंचायतों में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के शेष रहे कार्य को 15 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण करें।

सभी ठेकेदारों के कार्यों की प्रगति की दैनिक समीक्षा की जाए। समयावधि में कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों पर अर्थदण्ड लगाने की कार्यवाही की जाए। उन्होने सभी ठेकेदारों से कहा कि शेष कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने की दृष्टि से मजदूरों व कारीगरों की टीम बढ़ाएं ताकि निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण हो जाए। कलेक्टर श्री जैन ने कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर इन पेयजल योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करें और जिला पंचायत की सीईओ के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्ण हो चुकी पेयजल योजनाओं को पंचायत को हेण्ड ओवर करने के कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करें। उन्होने निर्देश दिये कि पेयजल योजनाओं में शामिल प्रत्येक घर में स्टेण्ड पोस्ट बनाकर नल कनेक्शन दिया जाए।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर टू द प्वाइंट तैयारियों में जुट गया प्रशासन

**हरदा, देशबन्धु।** 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला स्तर पर योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ऑनलाइन ट्रेनिंग देने की व्यवस्था की गई है। संभाग के सभी जिलों में योग दिवस पर व्यवस्थित ढंग से सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित करने के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं करें। वर्षा के मौसम को ध्यान में रखते हुए ये व्यवस्थाएं की जाएं ताकि वर्षा के कारण योगाभ्यास के कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न न हो। यह निर्देश संभागायुक्त नर्मदापुरम् संभाग कृष्णगोपाल तिवारी ने बुधवार शाम को आयोजित वीडियो कान्फ्रेंस में संभाग के तीनों जिले के कलेक्टर्स को दिये। हरदा कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया तथा संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने इस दौरान निर्देश दिये कि सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम सम्पन्न होने तक कार्यक्रम के फोटो पोर्टल पर अपलोड अवश्य करें।

## इस्कॉन नर्मदापुरम, इटारसी में 3 जुलाई को निकालेगा जगन्नाथ रथयात्रा

**इटारसी, देशबन्धु।** इस्कान नर्मदापुरम द्वारा 3 जुलाई को लगातार दूसरे वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालेगा। इस्कान ने भक्तों को भगवान का रथ खींचने आमंत्रित किया है। रथयात्रा 3 जुलाई को श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर तुलसी चौक से दोपहर में प्रारंभ होगी।

**ऐसा रहेगा रथयात्रा कार्यक्रम:**-रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व दोपहर 2:30 बजे भोग अर्पण होगा, 2:45 बजे भगवान की महाआरती होगी तथा 3:15 बजे रथयात्रा प्रारंभ की जाएगी। संपूर्ण रथयात्रा के दौरान भक्तों को महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

**रथयात्रा का मार्ग यह रहेगा:**-श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर रथयात्रा जयस्तंभ चौक होते हुए पुराना देना बैंक से दाहिने मुड़कर बस स्टैंड के सामने से रेलवे स्टेशन, चौपाटी, रेस्ट हाउस से ऑडिटोरियम के पास से मेजर ध्यानचंद चौक, अटल पार्क के सामने से कॉन्वेंट स्कूल के सामने होकर नवग्रह दुर्गा मंदिर, चामुंडा चौराह, बीएसएनएल आफिस के सामने से जनता टाकीज रोड, नेहरुगंज तिराहा होकर जयस्तंभ चौक होते हुए वापस श्री द्वारिकाधीश मंदिर में समापन होगा।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष होने पर आज होगी 'विकसित भारत संकल्प सभा'

**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन कल 19 जून को सुबह 11:30 बजे श्री प्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में किया जाएगा। नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री की जनहितकारी योजनाओं, सुशासन तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाना है, साथ ही विकसित भारत 2047 के संकल्प को सशक्त रूप से दोहराना है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, वक्ता पीयूष शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे उपस्थित रहेंगे।

## बुजुर्ग दंपती ने बेटा नहीं होने पर बुढ़ापे के सहारे के लिए जिसे जमीन दी, उसने किया बेदखल

**भैंसदेही बड़गांव, देशबन्धु।** बुजुर्ग दंपती ने जिसे अपना समझकर जमीन दी, उसी ने बुढ़ापे में साथ छोड़ दिया। थाने से निराश होकर वृद्ध दंपति एसडीएम न्यायालय पहुंचे, सुरक्षा और इंसाफ की गुहार लगाई। यह गंभीर मामला भैंसदेही तहसील के बडगांव का है। 80 वर्षीय बुजुर्ग राघो मुंडे और उनकी पत्नी तुलसीबाई ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनकी बेटी की कृषि भूमि में जबरन पोकलेन मशीन चलाकर गहरी नाली खोद दी। विरोध करने पर गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। थाना भैंसदेही में शिकायत के बावजूद जब कार्रवाई नहीं हुई तो वृद्ध दम्पत्ति ने न्यायालय में आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की है। बडगांव निवासी राघो उर्फ राधो पिता ओमकार मुंडे (80 वर्ष) और उनकी पत्नी तुलसीबाई (75 वर्ष) ने न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी भैंसदेही में आवेदन देते हुए बताया कि उनकी पुत्रियां सकु और गुगा के नाम से बडगांव में खसरा नंबर 58/7/1 और 58/7/2 में कुल 1.214 हेक्टेयर कृषि भूमि दर्ज है। इस भूमि पर वर्षों से उनका परिवार खेती करता आ रहा है। बुजुर्ग दम्पत्ति ने बताया कि उनके कोई पुत्र नहीं है, इसलिए अपने पालन-पोषण की उम्मीद में उन्होंने ग्राम की ही सुनिता मर्सकोले को खसरा नंबर 104/1/2 रकबा 0.092 हेक्टेयर भूमि रजिस्ट्री के जरिए दे दी थी। सुनिता और उसका पति सुखदेव ने भरोसा दिया था कि वे वृद्धावस्था में उनकी सेवा करेंगे। लेकिन कुछ समय बाद ही इन दोनों ने देखभाल से मना कर दिया और झगड़ा शुरू कर दिया। राघो मुंडे के अनुसार, 13 जून को अनावेदकगण सुखदेव पिता ओझा मर्सकोले, सुनिता पति सुखदेव मर्सकोले, सुखराम पिता ओझा, बल्लू पिता मनु और सुखदेव पिता मनु निवासी बडगांव ने उनकी बेटी की कृषि भूमि में जबरन पोकलेन मशीन चलाकर गहरी नाली खोद दी, जिससे खेत की पूरी संरचना खराब हो गई। जब राघो मुंडे और उनकी पत्नी मौके पर पहुंचे और विरोध किया तो उनके साथ गाली-गलौज की गई, धक्का-मुक्की हुई और जान से मारने की धमकी दी गई। 15 जून को उन्होंने थाना भैंसदेही में इस संबंध में लिखित शिकायत की, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। बुजुर्ग दम्पत्ति ने अनुविभागीय अधिकारी भैंसदेही से गुहार लगाई है कि उनके साथ हो रहे अत्याचार को रोका जाए और अनावेदकों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।



शासकीय अस्पताल डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय परिसर का मामला

## अस्पताल में शराब पीते हैं असामाजिक तत्व, विधायक प्रतिनिधि ने की शिकायत



**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के शासकीय अस्पताल डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा रोज रात में शराब का सेवन किया जा रहा है। इसकी शिकायत अस्पताल के विधायक प्रतिनिधि आशीष अरोरा ने पुलिस थाने में की है। शिकायत में बताया है कि असामाजिक तत्वों ने अस्पताल परिसर को शराब का अड्डा बना लिया है, जिसके चलते अस्पताल के स्टाफ, ड्यूटी डॉक्टर, नर्सों, आदि को परेशानियों से जूझना पड़ता है। मरीज व उनके परिजनों को आकस्मिक घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है, यह चिंतनीय विषय है। इस विषय को लेकर अस्पताल के विधायक प्रतिनिधि आशीष अरोरा ने इटारसी एसडीओपी वीरेंद्र सिंह मिश्र एवं थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला को एक ज्ञापन सौंपा। टीआई को बताया कि शासकीय अस्पताल में इस प्रकार की गतिविधि रोज हो रही है। इस विषय को जल्द से जल्द संज्ञान में ले और ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे। इस मौके पर आशीष अरोरा, रोहित सेन, योगेश राजभर आदि मौजूद रहे।

### विधायक नर्मदापुरम की अनुशंसा पर स्वेच्छानुदान निधि से 15 हितग्राहियों को 01 लाख 72 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधायक नर्मदापुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से 15 हितग्राहियों को चिकित्सा, शिक्षा एवं आर्थिक सहायता के लिए 01 लाख 72 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर नर्मदापुरम के 04 हितग्राही श्रीमति प्रीति मेवारी वार्ड क्र. 16 गिन्नी कम्पाउंड नर्मदापुरम, सुखराम मेवारी वार्ड क्र. 16 गिन्नी कम्पाउंड नर्मदापुरम, श्रीमति सोनम राजपूत वार्ड क्र. 02 सुभाष चौक नर्मदापुरम एवं जतिन यादव रायपुर रोड मालाखेडी नर्मदापुरम को क्रमश 20-20 हजार रूपये, नर्मदापुरम एवं इटारसी के 02 हितग्राही कमल सिंह ठाकुर वार्ड क्र. 19 आनंद नगर नर्मदापुरम एवं कु. मुस्कान सोनी वर्मा कालोनी पुरानी इटारसी को 15-15 हजार रूपये, नर्मदापुरम की 01 हितग्राही श्रीमती सीमा शर्मा मारूती नगर रसूलिया नर्मदापुरम को 12 हजार रूपये, नर्मदापुरम के 02 हितग्राही तनुज वाला वार्ड क्र. 31 ग्वालटोली नर्मदापुरम एवं दिलीप यादव ग्राम बुधवाडा जिला नर्मदापुरम को 10-10 हजार रूपये।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### 5 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति, होंगे कई निर्माण कार्य

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधायक नर्मदापुरम डॉ सीताशरण शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा 02 निर्माण कार्यो के लिए 05 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम डोंगरवाडा के खोजनपुर में प्राथमिक शाला के पास सी.सी. सड़क निर्माण के लिए 02 लाख रुपये एवं जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम डोंगरवाडा कालोनी में मेन रोड से कालूराम के घर तक सी.सी. रोड निर्माण के लिए 03 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक आज पूरी जानकारी के साथ आएं अधिकारी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोगी कल्याण (कार्यकारिणी) समिति सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में आज सायं 04 बजे से रोगी कल्याण (कार्यकारिणी) समिति बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त बैठक में अद्यतन जानकारी सहित मौजूद रहने के निर्देश दिए गए है। पूर्व में उक्त बैठक 18 जून 2025 को आयोजित की गई थी, जिसे अपिहार्य कारण से स्थगित कर 19 जून 2025 गुरुवार को सायं 04 बजे से आयोजित की गई है।

### माहेश्वरी समाज ने किया गुरुवर तरुण सोमानी का स्वागत, लिया आशीर्वाद



**इटारसी, देशबन्धु।** माहेश्वरी समाज ने गुरुवर तरुण सोमानी का पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत किया। गुरुवर ने द्वारिकाधीश बड़े मंदिर जाकर भगवान के दर्शन किए।गुरुवर ने गुरुओं से सीखते रहने की शिक्षा दी। उन्होंने गुरु एवं शिक्षक में अंतर समझाया। माहेश्वरी समाज उनके विचारों से प्रेरित हुआ। गुरुवर तरुण सोमानी हरियाणा के निवासी हैं, वह उज्जैन से आ रहे थे। इटारसी में माहेश्वरी समाज से मुलाकात कर वे भुसावल की ओर रवाना हुए। इस अवसर पर विजय राठी, रमेश चांडक, नितेश राठी, प्रहलाद बंग, श्रीकांत मौलासरिया, प्रदीप मालपानी, अनिल राठी, विपिन चांडक, विवेक चांडक, रामकिशन बंग, कृष्ण गोपाल महेश्वरी, अर्पण महेश्वरी, सुधीर गोठी, विनीत राठी थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण की जाए: संभागायुक्त

## प्रशासन ने कमर कसी, जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी विकास खंडों में आयोजित किए जाएंगे योग के कार्यक्रम




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संभाग के तीनों जिलों में जिला मुख्यालय सहित विकासखंड स्तर पर योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन सभी शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं जनप्रतिनिधि गण, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक सामूहिक रूप से योग करेंगे। संभागायुक्त ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं जिला मुख्यालय सहित विकासखंड स्तर पर लगभग 15 00 योग केंद्र में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम कलेक्टर को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। नर्मदापुरम जिले में नर्मदा महाविद्यालय में, हरदा में कृषि उपज मंडी में तथा बैतूल में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वृहद स्तर पर योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की निर्धारित लक्ष्य के अनुसार योग पंजीयन केंद्रो का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जाए।। योग के पश्चात योग अभ्यास की फोटो और वीडियो भी पोर्टल पर अपलोड की जाए।

उल्लेखनीय है कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम जिले में प्रात: 6 बजे से शासकीय नर्मदा महाविद्यालय एवं सभी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रात: 6 बजे से प्रात: 6.30 बजे तक जनप्रतिनिधियों का आगमन एवं उद्बोधन होगा तथा प्रात: 6.30 बजे से प्रात: 6.40 बजे तक प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण रेडियो एवं टेलीविजन के माध्यम से किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 6.40 बजे से प्रात: 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 7.00 बजे से 7.45 बजे तक योग अभ्यास के कार्यक्रम कराए जाएंगे।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर को निर्देश दिए की वह 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित कराए। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की हर योग केंद्र पर एक प्रशिक्षित योग शिक्षक ही योग का अभ्यास कराएगे। योग शिक्षक को पर्याप्त प्रशिक्षण देने के लिए 20 जून तक की तिथि निर्धारित की गई है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सामूहिक योग के पश्चात योग अभ्यास में भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या और योग अभ्यास के फोटोग्राफ्स एवं वीडियो पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। जिला पंचायत नर्मदापुरम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत ने बताया कि जिले में सभी शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा धूपगढ़, तिलक सिंदूर, एवं मढ़ई एवं अन्य ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल में भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वीडियो कांफ्रेंस के दौरान नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ऑनलाइन एवं उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल तथा अन्य अधिकारी गण ऑफलाइन उपस्थित रहे।

### 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को हर कोई डूबेगा योग के रंग में

**हरदा , देशबन्धु।**, 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिये गये है। जारी आदेश अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को प्रेरित किया जायेगा, सभी कार्यक्रम आयोजकों को अपना पंजीयन कराना होगा। इसका पंजीयन लिंक पर होगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले के पंचायत मुख्यालयों तथा पंचायत के अन्य ग्रामों एवं सभी नगरीय निकायों मुख्यालय एवं समस्त वार्डो में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जायेगा। योग दिवस के कार्यक्रम के लिए भारत सरकार द्वारा योग निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के लिए जिले में पंतजलि योग संस्थान, जन अभियान परिषद, म.प्र. योग आयोग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के योग इन्स्ट्रक्टर व योगा वालेंटियर का भी सहयोग लिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम में संबोधन का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त ग्रामों एवं वार्डो में किया जायेगा। यह कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिला स्तर पर योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ट्रेंनिग कराने के लिए आयुष विभाग द्वारा ट्रेनिंग मॉडयूल तैयार किया गया है जिसके माध्यम से दिनांक 19 एवं 20 जून को ऑनलाइन ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी।

# डीएपी वितरण व्यवस्था से संतुष्ट नहीं किसान, बदलाव की मांग



**इटारसी, देशबन्धु।** किसानों को खरीफ फसल के लिए डीएपी वितरण के लिए प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। इटारसी के खेड़ा स्थित केन्द्र से डीएपी लेने के लिए किसानों को आज टोकन प्रदान किये हैं, जिनको डीएपी लेने के लिए कल 19 जून को बुलाया गया है।

आज सुबह से ही कृषि उपज मंडी के सामने स्थित गोदाम से डीएपी के लिए किसानों को टोकन वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। घंटों लाइन में लगने के बाद किसानों को टोकन मिले। कुछ किसानों ने जगह की कमी महसूस की और मंडी परिसर से टोकन वितरण करने का सुझाव प्रशासन को दिया है। गोदाम प्रभारी के अनुसार आज 345 किसानों को टोकन दिये गये हैं, जिनको कल यानी शुक्रवार 19 जून को डीएपी लेने के लिए बुलाया गया है।

### मंडी परिसर से वितरण की मांग ताकि किसी को न हो दिक्कत

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने प्रशासन से निवेदन किया है इटारसी मंडी के सामने डीएमओ से डीएपी खाद का वितरण किया जा रहा है, किसानों की संख्या अधिक है और वहां स्थान कम है। उनकी मांग है कि इटारसी मंडी में जगह अधिक है, मंडी प्रांगण के अंदर से टोकन काटने का काम किया जाए, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो और अच्छा होगा सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का वितरण हो।

### सहकारी समितियों से वितरण की मांग

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और ग्राम केसलाखुर्द के किसान राजेन्द्र सिंह तोमर ने भी सोशल मीडिया पर इस बात का समर्थन किया है कि किसानों को गांवों से इटारसी आकर टोकन लेने और फिर बाद में डीएपी लेने आने में न सिर्फ समय खर्च हो रहा है बल्कि आर्थिक भार भी पड़ रहा है, अत: सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का वितरण किया जाना चाहिए।

### वितरण व्यवस्था में सुधार हो

ग्राम पथरोटा के किसान अमित रावत ने कहा कि डीएमओ के कर्मचारी देरी करते हैं। जब तक काफी भीड़ इकट्ठी न हो जाए, काम शुरु नहीं करते, किसान धूप में परेशान होता है। हमें मक्का, धान, सोयाबीन की बोवनी करनी है, यहां समय ज्यादा खराब हो रहा है। समय से काम प्रारंभ होना चाहिए, भीड़ होने और हल्ला होने पर ही प्रशासन जागता है, शुरु से ही व्यवस्था बेहतर बने, ऐसे प्रयास नहीं करते बल्कि व्यवस्था बिगड़ने का इंतजार करते हैं।

# संस्कार विद्यापीठ में नवनियुक्त प्राचार्य ने किया विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत



हरदा,देशबन्धु। संस्कार विद्यापीठ में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ विद्यालय में प्रवेश किया।स्कूल शिक्षक जय पुजारी ने बताया कि

इस अवसर पर विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया । विद्यालय प्रबंधन के नटवर पटेल, नवनीत पटेल एवं नवनियुक्त प्राचार्य जयसिंह पवार तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर टॉफियां बाटी ढ्ढ प्रथम दिवस की प्रार्थना सभा में नवनियुक्त प्राचार्य जयसिंह पवार का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया द्य प्राचार्य जयसिंह पवार ने अपने स्वागत उद्बोधन में विद्यालय में प्राचार्य के रूप में अपनी पदस्थापना पर प्रबंधक नटवर पटेल नवनीत पटेल को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया ढ्ढ प्राचार्य द्वारा प्रथम दिवस उपस्थित समस्त विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन एवं बधाई देते हुए नवीन शैक्षणिक योजनाओं से अवगत कराया ढ्ढ उन्होंने

इस सत्र में नए संकल्पों एवं शैक्षणिक कार्य योजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्कर्ष की प्राथमिकता के साथ सर्वांगीण विकास का लक्ष्य निर्धारित किया ।

# मूंग उपार्जन के लिए 60 केन्द्रों पर 5 जुलाई तक करा सकते हैं पंजीयन

**हरदा , देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द के उपार्जन का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के 36 मूंग उत्पादक जिलों में 8682 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मूंग और 13 उड़द उत्पादक जिलों में 7400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उड़द उपार्जित की जाएगी। किसान मूंग उपार्जन के लिये 19 जून से 5 जुलाई तक पंजीयन करा सकेंगे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिला उपार्जन समिति के निर्णय अनुसार जिले में मूंग उपार्जन के पंजीयन के लिये 60 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये है। जारी आदेश अनुसार हरदा तहसील में 14, हंडिया तहसील में 9, टिमरनी तहसील में 13, रहटगांव तहसील में 8, खिरकिया तहसील में 7 तथा सिराली तहसील में 9 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है।

उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि मूंग उपार्जन के लिये हरदा तहसील में जो पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है, उनमें सेवा सहकारी समिति अबगांवखुर्द-1, अबगांवखुर्द-2, बालागांव-1, बालागांव-2, भुवनखेड़ी, गहाल, मसनगांव-1, मसनगांव-2, मोहनपुर, पलासनेर-1, पलासनेर-2, रूपीपरेटिया-1, रूपीपरेटिया-2 तथा दि हरदा किसान विपण सहकारी समिति हरदा शामिल है। इसी प्रकार हंडिया तहसील में जो पंजीयन केन्द्र बनाये गये है, उनमें सेवा सहकारी समिति अबगांवकला, धनगांव, हंडिया, खेड़ा, मांगरूल, नांदरा, पीपलघटा, सोनतलाई-1 तथा सेवा सहकारी समिति सोनतलाई-2 शामिल है।

उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि मूंग उपार्जन के लिये टिमरनी तहसील में जो पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है, उनमें सेवा सहकारी समिति पोखरनी-1, पोखरनी-2, छिदगांवमेल-1, छिदगांवमेल-2, मनियाखेड़ी-1, मनियाखेड़ी-2, रूंदलाय, तजपुरा, बाजनिया, गोंदागांवकला, करताना, गोंदागांवखुर्द तथा किसान विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी समिति मर्या. टिमरनी शामिल है। इसी प्रकार रहटगांव तहसील में जो पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये हैं, उनमें सेवा सहकारी समिति आलमपुर-1, आलमपुर-2, रहटगांव-1, रहटगांव-2, टेमागांव, राजाबरारी, रवांग व सोडलपुर शामिल है।

उन्होंने बताया कि मूंग उपार्जन के लिये खिरकिया तहसील में सेवा सहकारी समिति बारंगा, मोरगड़ी-1, मोरगड़ी-2, मांदला, खमलाय, चौकड़ी व धनवाड़ा सहकारी समिति आलमपुर-1, आलमपुर-2, रहटगांव-1, रहटगांव-2, टेमागांव, राजाबरारी, रवांग व सोडलपुर तथा सिराली तहसील में सेवा सहकारी समिति बेडियाकला, दीपगांवकला, जुनापानी, पीपल्या मकड़ाई, रहटाकला-1, रहटाकला-2, सिराली-1, सिराली-2 तथा सेवा सहकारी समिति सोमगांवकला को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

### कलेक्टर को ग्रामीण पर्यटन परियोजना में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया सम्मान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना को ग्रामीण पर्यटन मिशन, मध्यप्रदेश के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन परियोजना में उनके उत्कृष्ट योगदान और शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के तत्वावधान



में आयोजित ग्रामीण रंग पर्यटन संग कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कलेक्टर सुश्री मीना को यह सम्मान जिले में होमस्टे निर्माण की योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए दिया गया है, जो कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। उनके नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी के चलते यह परियोजना आज एक आदर्श मॉडल के रूप में सामने आई है, जो न केवल पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण जीवन, संस्कृति और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही है। नर्मदापुरम् जिले में होमस्टे के रूप में पर्यटन सुविधाओं का विकास करते हुए न केवल स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर दिए गए हैं, बल्कि पर्यटकों को भी ग्रामीण जीवन के वास्तविक अनुभव से परिचय करवाया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा! पुराने मकान की फोटो लगाकर निकाल ली 2 किश्त

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** जनपद पंचायत बनखेड़ी की ग्राम पंचायत सिंगपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय) में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। सरकारी तंत्र की लापरवाही और मिलीभगत का ऐसा नमूना देखने को मिला, जिसमें पुराने मकान की तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड कर 65,000 की दो किश्तें ठग ली गईं। इस खुलासे ने न सिर्फ सिस्टम की पोल खोल दी, बल्कि 650 गरीब हितग्राहियों को भी मुश्किल में डाल दिया।

**कैसे हुआ खुलासा :** गांव के अजेन्द्र पिता योगेन्द्र राय ने पहले से बने मकान की जर्जर तस्वीरें पोर्टल पर चढ़ाकर योजना की प्रथम किश्त 25,000 और द्वितीय किश्त 40,000 निकलवा ली। यह फर्जीवाड़ा तब सामने आया जब तीसरी किश्त के लिए जियो टैगिंग की गई, और निर्माण कार्य नदारद मिला।

**जांच में जुटा प्रशासन, बनी विशेष टीम:** सीईओ प्रभारी अंजू लोधी और तहसीलदार की सतर्कता से मामला पकड़ में आते ही 10 जून को जांच के आदेश जारी कर 11 जून तक रिपोर्ट मांगी गई। उपयंत्री रविन्द्र पांडे, एडीओ जितेन्द्र प्रजापति, बीपीओ टीकाराम कुमरे व पीसीओ देवीसिंह पटेल की समिति बनाकर जांच शुरू कर दी गई है।

चयन प्रक्रिया पर भी उठा सवाल - पैसा दो, नाम जोड़ो! 2024-25 में सिंगपुर पंचायत को 27 आवासों का लक्ष्य मिला था, लेकिन केवल 24 हितग्राही ही सूची में शामिल किए गए। शेष तीन में से दो को सरेंडर और एक को पेंडिंग दिखा दिया गया। ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि चयन में पैसे की डिमांड की गई—जिसने जेब ढीली की, उसका नाम सूची में चढ़ गया!



**एक नहीं, कई पंचायतों में गड़बड़ी!:** सूत्रों की मानें तो अन्य पंचायतों में भी ऐसे हितग्राही हैं जिन्हें पहले ही योजना का लाभ मिल चुका है, फिर भी उन्हें दोबारा लाभ दिलाया गया। व्यापक जांच हो तो कई ऐसे चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

**अब 650 हितग्राही परेशान - बारिश में मकान अधूरे**

इस एक फर्जीवाड़े के बाद जनपद के पूरे ब्लॉक में आवास योजना की किश्तों का भुगतान रोक दिया गया है। इससे 150 की पहली, 350 की दूसरी, 100 की तीसरी और 50 की अंतिम किश्त अटक गई है। निर्माण सामग्री खरीद चुके हितग्राही अब बारिश में मकान अधूरा छोड़ने को मजबूर हैं।

**कौन है जिम्मेदार :** नियमानुसार योजना में चयन व भुगतान की प्रक्रिया में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक व पीसीओ की सम्मिलित भूमिका होती है। लेकिन अब जिम्मेदारी केवल रोजगार सहायक पर डालने की कोशिश हो रही है, जिससे सवाल उठने लगे हैं कि क्या अकेला रोजगार सहायक इतना बड़ा फर्जीवाड़ा कर सकता है?

**अब जनता की मांग - नहीं चाहिए लीपापोती, हो निष्पक्ष जांच:** ग्रामीणों और हितग्राहियों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच हो। केवल छोटे कर्मचारियों पर ठीकरा फोड़ने से बात नहीं बनेगी। अगर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो गरीबों की उम्मीदों का ये आवास कभी पूरा नहीं हो पाएगा।

### इनका कहना -

जिसने भी जियो टैगिंग की है, वह गलत पाई गई है। जांच रिपोर्ट जिलास्तर पर भेज दी गई है। दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**अंजू लोधी, प्रभारी सीईओ, जनपद पंचायत** बनखेड़ी

# खेल: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया एक दिवसीय बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट 'लक्ष्य' का आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इटारसी ने खेलो भारत गतिविधि के माध्यम से एक दिवसीय बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट 'लक्ष्य' का आयोजन सिटी स्पोर्ट्स क्लब मैदान में किया। इस प्रतियोगिता में बैतूल, मुलताई, नर्मदापुरम एवं इटारसी सहित कुल 9 टीमों ने सहभागिता की जिसमें एलकेजी इटारसी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। नर्मदापुरम् की टीम उपविजेता रही।

सुबह 9 बजे से चल रहे इस रोमांचक टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शाम 8 बजे हुआ जहां मुख्य अतिथि सांसद दर्शन चौधरी, इटारसी विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल खिलाड़ी कु.निधि तिवारी ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को प्रमाण पत्र प्रदान किए। सांसद दर्शन चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी विद्यार्थी जीवन का अभिन्न अंग है जो मानसिक और शारीरिक विकास को मजबूती देता है। श्री चौधरी ने अपने कॉलेज समय में विद्यार्थी परिषद में काम करने का अनुभव भी साझा किया। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद ऐसे कार्यक्रमों से देश के लिए नए खिलाड़ियों को तैयार कर रही है, जो हमारे देश के गौरव को बढ़ाएंगे खेल ही हमें टीम भावना और एक दूसरे पर विश्वास करना सिखाते हैं। नगर मंत्री कुणाल सराठे ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का सदैव यह प्रयास रहा है कि विद्यार्थी केवल पठन-पाठन तक सीमित न रहकर सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री अर्पित दुबे, जिला संयोजक मृदुल नाथ चौहान, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य साक्षी कोरी सहित परिषद के अनेक कार्यकर्ता एवं नगर के खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजित

**हरदा , देशबन्धु।** खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 2 मई से 15 जून तक किया गया। शिविर के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे उपस्थिति थे।



जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल ने बताया कि विकासखंड मुख्यालय टिमरनी व खिरकिया एवं जिला मुख्यालय हरदा पर प्रचलित खेल कबड्डी, खो खो हैंडबॉल, शतरंज ,हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल एथलेटिक्स एवं कराते आदि खेलों में 8 वर्ष से 25 वर्ष की आयु के बालक एवं बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण संबंधित खेलों के डिग्री धारी राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षकों के द्वारा प्रात: एवं सायंकाल में नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया गया।हरदा मुख्यालय पर 300 खिलाड़ियों ने विकास खंड टिमरनी में 150 खिलाड़ी एवं खिरकिया में 100 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया प्रशिक्षण के दौरान अलग-अलग खेलों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया गया ।शिविर के समापन अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे द्वारा सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं खेल सामाग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, खेल प्रशिक्षक मोनिका मेहता, राजेश बिलिया विकासखंड समन्वयक हिना अली, संदीप जाट ,शतरंज खेल प्रशिक्षक पीसी पोर्ते,खो खो कोच सचिन बरकडे ,हैंडबॉल कोच गौतम विश्वकर्मा, वॉलीबॉल कोच आनंद यादव फुटबॉल कोच इमरान खान अजय पुरबिया, हॉकी कोच आशु मालाकार अकरम खान , खेल विभाग के लक्ष्मी नारायण केवट एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

नर्मदापुरम, गुरूवार 19 जून 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मोदी, ट्रंप के बीच पाकिस्तान

आपरेशन सिंदूर पर आखिरकार डोनाल्ड ट्रंप और नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत हो ही गई। जिसमें ट्रंप ने पहले की तरह आतंकवाद के खिलाफ भारत का साथ देने की प्रतिबद्धता जतलाई है। लेकिन क्या भारत को ट्रंप की जबान का यकीन करना चाहिए, ये एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। क्योंकि जिस समय ट्रंप श्री मोदी से फोन पर आतंकवाद और इसके अलावा दुनिया में चल रहे युद्धों पर चर्चा कर रहे थे, उस समय पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर अमेरिका में ही थे और बुधवार को उनका राष्ट्रपति ट्रंप के साथ लंच निर्धारित हो चुका था। यह वही असीम मुनीर हैं जो भारत में आग लगाने की धमकी दे चुके हैं, जो खुलकर आतंकवादियों का साथ दे रहे हैं, और ट्रंप ऐसे व्यक्ति की मेजबानी कर रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान की तरफ अपना झुकाव ट्रंप ने पहले जाहिर नहीं किया है। अभी कुछ दिनों पहले ट्रंप ने पाकिस्तान के नेतृत्व को मजबूत बताते हुए कहा था कि इससे कुछ लोगों को तकलीफ होती है, यह सीधे तौर पर भारत को चिढ़ाने वाली बात थी। इसके अलावा 10 मई से लेकर अब तक ट्रंप कम के कम 14 बार यह दावा कर चुके हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम उन्होंने करवाया। जब पहलगाम हमला हुआ था और ऑपरेशन सिंदूर शुरु नहीं हुआ था, तब भी ट्रंप ने कहा था कि दोनों देशों के बीच हजारों सालों से समस्या चली आ रही है, दोनों के नेता महान हैं और वो आपस में अपने मसले सुलझा लेंगे। जितने आराम से ट्रंप भारत और पाकिस्तान को एक पलड़े पर रखते हैं, कायदे से उसका कड़ा जवाब भारतीय नेतृत्व की तरफ से दिया जाना चाहिए। लेकिन नरेन्द्र मोदी इस मामले में भारतीय इतिहास के सबसे कमजोर प्रधानमंत्री साबित हो चुके हैं। आज तक किसी प्रधानमंत्री ने अमेरिका की इतनी दादागिरी बर्दाश्त नहीं की, जितनी श्री मोदी कर रहे हैं। खुद भाजपा के ही कई नेता इस बारे में दबी-खुली जुबान से आलोचना कर चुके हैं। लेकिन इस समय नरेन्द्र मोदी की छवि को बनाने की मुहिम में सब लगे हैं, इसलिए इस कमजोरी का जिक्र नहीं होता और बाकी कसर भाजपा का पिट्ठू मीडिया पूरी कर रहा है।

अभी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच जो चर्चा हुई, उसे लेकर कुछ पत्रकार कांग्रेस और राहुल गांधी का मखौल उड़ा रहे हैं कि ये नरेन्दर, सरेण्डर की बात करते थे, अब उन्हें मुंह की खानी पड़ी। लेकिन कांग्रेस को कोसते वक्त ये लोग भूल जाते हैं कि बात कांग्रेस की नहीं देश की है और इस समय पाकिस्तान को अमेरिका ने जैसा अपना सगा बना लिया है, उसमें भारत का अपमान करने की ही चेष्टा की है। जिसका जवाब मोदी सरकार की तरफ से जाना चाहिए।

गौरतलब है कि कनाडा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से न हो सकी थी, क्योंकि ट्रंप इजरायल-ईरान युद्ध के कारण बैठक बीच में ही छोड़कर अमेरिका वापस आ गए थे। लेकिन बुधवार सुबह-सुबह भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने जानकारी दी कि राष्ट्रपति ट्रंप से प्रधानमंत्री मोदी की फोन 35 मिनट तक बातचीत हुई है और यह संवाद राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर हुआ है। इस दौरान ट्रंप ने श्री मोदी को कनाडा से अमेरिका आने का न्यौता दिया, लेकिन प्रधानमंत्री के पहले से तय कार्यक्रम के कारण अमेरिका का न्यौता स्वीकार नहीं किया गया। लेकिन दोनों नेताओं ने ईरान-इजरायल और रूस-यूक्रेन के बीच चल रही जंग पर लंबी चर्चा की। विक्रम मिस्री के मुताबित प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि कश्मीर या पाकिस्तान से जुड़े मुद्दों में भारत का रुख हमेशा से यही रहा है कि यह द्विपक्षीय मामला है और किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से साफ शब्दों में कहा है कि भारत किसी भी सूरत में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता। न पहले की, न अब करता है और न ही भविष्य में ऐसा होगा।

चूंकि विदेश सचिव ने यह जानकारी दी है, इसलिए इसे भारत सरकार का आधिकारिक वक्तव्य माना जाएगा। लेकिन यह देखकर आश्चर्य हुआ कि प्रधानमंत्री कार्यालय और खुद प्रधानमंत्री मोदी का सोशल मीडिया एकाउंट इस मुलाकात पर बिल्कुल खामोश है। जबकि श्री मोदी ने कनाडा पहुंचने से लेकर वहां बैठक खत्म कर रवाना होने तक सारी जानकारी एक्स एकाउंट पर दी है। जी-7 देशों के नेताओं के अलावा अन्य आमंत्रित देशों के प्रमुखों, यूरोपीय यूनियन के नेताओं से मुलाकात के फोटो नरेन्द्र मोदी ने पोस्ट किए हैं, सबके लिए अलग से संदेश लिखा है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत हुई, इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पोस्ट से नहीं दी। कम से कम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई थी। इसलिए अब यह सवाल उठता है कि जब नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप को खरी-खरी सुना ही दी है, तो उसकी जानकारी क्यों नहीं दी। ऐसा होता तो कांग्रेस जो सवाल उठा रही थी कि मोदी अपना मुंह क्यों नहीं खोलते, उसका जवाब भी मिल जाता। लेकिन श्री मोदी इस बारे में फिर खामोश हैं।

उधर पांच दिनों की अमेरिका यात्रा पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर डोनाल्ड ट्रम्प के साथ लंच करने के बाद किस तरह भारत के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश करेंगे, इस बारे में अब सरकार को सतर्क हो जाना चाहिए। असीम मुनीर का यह दौरा इस लिहाज से अहम हो जाता है कि यह पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर के ठीक बाद हो रहा है, और अभी ईरान और इजरायल के बीच युद्ध में पाकिस्तान, चीन की तरह ईरान के साथ खड़ा है। जबकि अमेरिका ईरान के खिलाफ हैं। पाकिस्तान चीन और अमेरिका दोनों को एक साथ साध रहा है, और हम यहां इसी में खुश हैं कि श्री मोदी ने ट्रंप से आधे घंटे फोन पर बात की।

# ईरान में तख्तापलट के लिए छेड़ा गया युद्ध

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर जब वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए थे, तभी से कयास लग रहे थे कि क्या अब अमेरिका इस जंग में सीधे उतरेगा। अमेरिका ने अब तक ईरान से सीधी लड़ाई का ऐलान तो नहीं किया है, लेकिन इजराइल-ईरान युद्ध के बीच ट्रंप ने ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई को लेकर अब तक का सबसे बड़ा बयान दिया है, जो किसी लड़ाई से कम नहीं है। ट्रंप ने खामेनेई का नाम लिए बगैर सोशल मीडिया पर 'सुप्रीम लीडर' लिखते हुए पोस्ट किया है। ट्रंप ने कहा है कि हम अच्छी तरह से जानते हैं कि तथाकथित 'सुप्रीम लीडर' कहां छिपे हैं. वह एक आसान निशाना हैं लेकिन वहां सुरक्षित हैं. हम उन्हें मारेंगे नहीं, कम से कम अभी तो नहीं. मगर, हम नहीं चाहते कि मिसाइलें नागरिकों या अमेरिकी सैनिकों पर दागी जाएं. हमारा धैर्य खत्म होता जा रहा है।

इसके बाद एक दूसरी पोस्ट में ट्रंप ने अनकंडीशनल सरेंडर लिखा, यानी ट्रंप ने ईरान से बिना शर्त सरेंडर करने के लिए कहा है। इधर डोनाल्ड ट्रंप आयतुल्लाह खामेनेई को अभी नहीं मारने की बात कह रहे हैं, उधर ईरान पर हमला बोलने वाले इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ख़ामेनेई की मौत 'संघर्ष को बढ़ाने के बजाय, उसे ख़त्म करने का काम करेगी।'

अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स से यह अनुमान लग रहा है कि इजरायल का बस चले तो वह आज खामनेई को मार दे, लेकिन अमेरिका ने अभी इस पर वीटो लगा रखा है, यानी अमेरिका की मंजूरी मिलने के बाद ही इजरायल यह बड़ा कदम उठाएगा। इस बीच बेंजामिन नेतन्याहू और ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी के बयानों से जाहिर हो रहा है कि इजरायल ने ईरान पर परमाणु हथियार बनाने से रोकने के नाम पर जो हमला बोला है, वह असल में एक मुखौटा है। इसके पीछे असली वजह शायद ईरान में फिर से शाह के शासन को बहाल करना है।

कहा जा रहा है कि इजराइल और अमेरिका के समर्थन से रजा पहलवी के लिए ईरानी गद्दी संभालने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। रजा पहलवी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ऐलान किया कि ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई 'अंडरग्राउंड होकर छिप गए हैं' और 'इस्लामिक गणराज्य ध्वस्त होने की प्रक्रिया में है।' उन्होंने अयातुल्ला अली खामेनेई की तुलना चूहे से कर डाली। रजा पहलवी ने तेहरान में शासन परिवर्तन का आह्वान करते हुए कहा कि इस्लामिक गणराज्य ढह रहा है और ईरानी लोगों के लिए ईरान को फिर से हासिल करने का समय आ गया है। उन्होंने इसे एक अपरिवर्तनीय क्षण बताया। उन्होंने लिखा, 'इस्लामी गणराज्य का अंत ईरानी राष्ट्र के खिलाफ उसके 46 साल के युद्ध का अंत है। अब उठने का समय है।' ईरानी क्राउन प्रिंस ने लोगों को संबोधित करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने इसे ईरानी लोगों के लिए ऐतिहासिक मोड़ बताया। और कहा कि भविष्य उज्ज्वल है और साथ मिलकर हम इतिहास के इस तीखे मोड़ से गुजरेंगे।

गौरतलब है कि पहलवी पहले भी खामेनेई के शासन को उखाड़ फेंकने का आह्वान कर चुके हैं। निर्वासित क्राउन प्रिंस अब ईरान के लोगों को ये भी बता रहे हैं कि उनके पास देश के भविष्य के लिए योजना है। उन्होंने कहा, ईरान गृहयुद्ध या अस्थिरता में नहीं उतरेगा। मौजूदा शासन की हार के बाद पहले 100 दिनों के संक्रमण काल के लिए ईरानी लोगों द्वारा और ईरानी लोगों के लिए एक राष्ट्रीय और लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना के लिए हम तैयार हैं, ऐसा दावा पहलवी ने किया है। उन्होंने सेना, पुलिस और ईरानी कर्मचारियों को भी संदेश दिया और खामेनेई के शासन से अलग हो जाने को कहा।

रजा पहलवी ईरान के आखिरी शाह मोहम्मद रजा पहलवी के सबसे बड़े बेटे हैं। शाह मोहम्मद रजा पहलवी के शासन को 1979 की इस्लामी क्रांति के दौरान उखाड़ फेंका गया था। पहलवी खानदान ने तब ईरान छोड़ दिया था और सत्ता अयातुल्लाह रुहोल्लाह खुमैनी के हाथों में आ गई थी, जिन्होंने ईरान में इस्लामी गणराज्य की स्थापना की थी। सत्ता संभालने से पहले खुमैनी पेरिस में थे।

रजा पहलवी ईरान के आखिरी शाह मोहम्मद रजा पहलवी के सबसे बड़े बेटे हैं। शाह मोहम्मद रजा पहलवी के शासन को 1979 की इस्लामी क्रांति के दौरान उखाड़ फेंका गया था। पहलवी खानदान ने तब ईरान छोड़ दिया था और सत्ता अयातुल्लाह रुहोल्लाह खुमैनी के हाथों में आ गई थी, जिन्होंने ईरान में इस्लामी गणराज्य की स्थापना की थी। सत्ता संभालने से पहले खुमैनी पेरिस में थे, क्योंकि अमेरिका से नज़दीकी संबंधों का विरोध करने के चलते शाह ने उन्हें देश से निष्कासित कर दिया था। लेकिन जब शाह मोहम्मद रजा पहलवी को ईरान छोड़ना पड़ा तो फिर इस्लामी गणराज्य की स्थापना हो गई और शासन की बागडोर मौलवियों के हाथ में आई। इन्हीं मौलवियों में एक नाम अली ख़ामेनेई का भी है, जो बहुत कम समय में खुमैनी के सबसे क़रीबी सहयोगियों में शामिल हो गए थे।

यह समझना जरूरी है कि खुमैनी के बाद आयतुल्लाह अली ख़ामेनेई आखिर इतने महत्वपूर्ण क्यों हो गए कि इजरायल और अमेरिका दोनों उनकी जान के पीछे पड़े हैं। खामनेई उस दौर में बड़े हो रहे थे, जब ईरान में पहलवी शासन था और अपनी धर्मनिरपेक्ष सोच की वजह से शाह धार्मिक व्यक्तियों को तरजीह नहीं देते थे। खामनेई 11 बरस की छोटी उम्र में ही मौलवी बन गए थे और फिर जल्द ही खुमैनी के समर्थन में काम करना शुरू कर दिया। ईरान में इस्लामी शासन स्थापित करने वाले संदेश देश के भीतर फैलाने के प्रयास में खामनेई को छह बार गिरफ्तार भी किया गया। उन पर दो बार जानलेवा हमले भी हुए।

जब खुमैनी के हाथ में सत्ता आई तो ख़ामेनेई को देश का उप-रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया. इस दौरान उन्होंने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को संगठित करने में अहम भूमिका निभाई, जो इस समय ईरान की सबसे शक्तिशाली संस्थाओं में से एक है। 1989 में जब खुमैनी की मौत हुई तो ख़ामेनेई को ईरान का अगला सुप्रीम लीडर नियुक्त किया गया। अब इसी सुप्रीम लीडर को इजरायल ने अपने निशाने पर रखा है। एक तरफ रजा पहलवी ने ईरान की जनता को संदेश दे दिया है कि जल्द ही खामनेई की सत्ता का अंत होगा, तो दूसरी तरफ बेंजामिन नेतन्याहू ने भी ईरानी अवाम को अंग्रेजी में सीधे संबोधित किया और ईरानियों से अपील की कि अब समय आ गया है, जब वे 'शैतानी और दमनकारी शासन' के ख़िलाफ़ उठ खड़े हों। नेतन्याहू ने कहा, 'इसराइली सैन्य अभियान आपके लिए आज़ादी हासिल करने का रास्ता साफ़ कर रहा है।'

ये पूरा घटनाक्रम बता रहा है कि ख़ामेनेई को किसी भी तरह रास्ते से हटाना इजरायल और अमेरिका का मिशन है, हालांकि खामनेई अब भी खुलकर इजरायल के अस्तित्व को मिटाने की बात करते रहे हैं। वो लंबे समय से इजरायल को पश्चिम एशियाई क्षेत्र का एक ऐसा 'कैंसरग्रस्त ट्यूमर' बताते रहे हैं, जिसे उखाड़ फेंकना ज़रूरी है और उनके मुताबिक़ ये होकर रहेगा।


इधर इजरायल में अब नेतन्याहू के इस कदम के खिलाफ आवाज उठने लगी है। ईरान की रेडियो सेवा पार्स टुडे के मुताबिक इज़रायली सुरक्षा एवं सैन्य विशेषज्ञ योसी मेलमैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश में इजरायली शासन के नेताओं को सलाह दी कि तेहरान से युद्धविराम की भीख मांगने से पहले इस पागलपन को रोकें। मेलमैन ने कहा शिया ऐतिहासिक रूप से पीड़ा सहन करने के लिए तैयार रहते हैं। मैंने उनकी बलिदान की इच्छा को याद किया, जैसा कि इराक के साथ आठ साल के युद्ध में देखा गया था। मेरी सलाह है कि हम नुकसान को कम से कम करें और इस पागलपन को रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति 'डोनाल्ड ट्रम्प' के माध्यम से एक उचित समझौते का सहारा लें- नहीं तो हमें युद्धविराम के लिए गिड़गिड़ाना पड़ेगा और ईरान मना कर देगा।'

वहीं इजरायल के अख़बार हाआरेत्ज़ ने ईरानी मिसाइलों के सामने अपनी वायु रक्षा प्रणालियों की विफलता को स्वीकार किया और नेतन्याहू सरकार से तुरंत अपनी सैन्य दादागिरी और युद्ध भड़काने की कार्रवाई को समाप्त करने का आग्रह किया। हाआरेत्ज़ ने लिखा: 'इज़रायल की वायु रक्षा प्रणालियां ईरान के उन्नत मिसाइलों का मुकाबला करने में विफल रही हैं। इज़रायली सेना और सरकार के कमांडरों को सबक लेना चाहिए और बेहद कठिन और अवांछित घटनाक्रम से बचने के लिए युद्ध को रोकना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम से यही समझ आ रहा है कि इजरायल और अमेरिका परमाणु हथियारों को केवल बहाना बना रहे हैं और किसी भी तरह ईरान में सत्ता पलटने की तैयारी में हैं। ठीक वैसे ही जैसे ईराक में सद्दाम हुसैन को मारकर तख्तापलट किया गया था। हालांकि इस बार अमेरिका के लिए यह खेल आसान नहीं होगा।

# सिकल सेल रोग रौशनी का एक दीप जलाओ

प्रतिवर्ष 9 जून को विश्व सिकल दिवस मनाया जाता है इसका उद्देश्य सिकल रोग की जानकारी बढ़ाना है। सदियों तक सिकल सेल रोग पर भ्रांतियां बनी रहीं। इस रोग से प्रभावित लोगों में शिक्षा का अभाव था। कबीलाई मान्यताओं के चलते इसे ईश्वर का अभिशाप माना जाता था कुछ लोग इसे समागम से होने वाली या छुआछूत से होने वाली बीमारी समझते थे। इन सभी भ्रांतियों को दूर करने के लिये इस वर्ष 2025 के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'शाईन द लाईट ऑन सिकल सेल' का नारा दिया है जिसका भावार्थ है कि सिकल सेल रोग पर प्रकाश प्रज्जवलित करो ।

सिकल सेल विकृति एक आनुवांशिक (जेनेटिक) रोग है। विश्व के पांच प्रतिशत लोग इससे प्रभावित हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कण (हीमोग्लोबिन) हंसिए (सिकल) के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। यह रक्त कण शरीर की छोटी रक्तवाहिनीयों में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं। रक्त कणों के जल्दी-जल्दी टूटने से भी रोगी को सदैव रक्त की कमी (एनीमिया) रहती है, इसलिए इस रोग को सिकल सेल एनीमिया भी कहा जाता है। अब से 115 वर्ष पहले डॉ. मेसन और डॉ. जेम्स हेरिक ने सबसे पहले आपने मायक्रोस्कोप में इसे देखा। लम्बे, नुकीले और हंसिये जैसे अर्द्धचन्द्राकार आकार के कारण इसे सिकल सेल एनीमिया का नाम दिया गया ।



डा. ए.आर. दल्ला

नवजात शिशुओं का जन्म के समय से ही रक्त परीक्षण कर सिकल रोगी बच्चे को चिन्हित किया जा सकता है। रोगग्रस्त जन्में बच्चों को 2 माह की आयु से ही पेनीसिलीन की गोली और निमोकोकस वैक्सीन (टीका) देकर इन बच्चों में संक्रमण से होने वाली बीमारी को रोका जा सकता है। आवश्यकतानुसार रक्त प्रदाय कर एनीमिया और सिकल रोग से होने वाले दुष्प्रभाव को रोककर ऐसे बच्चों को लम्बा जीवनकाल दिया जा सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार विश्व में प्रतिदिन बच्चे 1 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते काल-कवलित हो जाते हैं। बचे हुए लोग युवा अवस्था तक मुश्किल से पहुंचते हैं। यह बीमारी अफ्रीका, सऊदी अरब, एशिया और भारत में ज्यादा पाई जाती है, जहां मलेरिया का प्रकोप अधिक है। पहले यह रोग अश्वेत अफ्रीकन (नीग्रो) लोगों का रोग माना जाता था। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के साथ मालूम हुआ कि भारतवर्ष, अरब और मेडीटेरियन अफ्रीका के ऐसे देशों में व्याप्त है जहां घने जंगल हैं, और जहां मलेरिया का प्रकोप है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे एक घातक आनुवांशिक रोग चिन्हित करते हुए कहा है कि इस विकृति के प्रबंधन एवं जनजागरण के चलते मलेरिया, कुपोषण एवं एनीमिया से होने वाली बीमारी से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकेगी।

यह विडंबना ही है कि वर्ष 1952 तक भारतवर्ष में इस बीमारी के विषय में विशेष जानकारी नहीं थी। समय के साथ मालूम हुआ कि मध्य भारत के आदिवासी, पिछड़े और वंचित लोगों का एक बहुत बड़ा वर्ग इस बीमारी से ग्रस्त है। छत्तीसगढ़ में किए गये सर्वे के अनुसार छत्तीसगढ़ के पिछड़े, वंचित और आदिवासी लोगों में यह बीमारी 10 से 40 प्रतिशत तक व्याप्त है ।

भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए यह अनुमानित है कि विश्व के आधे सिकल सेल रोगी भारत में रहते हैं। एक लम्बे समय तक इस विभीषिका को पहचाना नहीं जा सका। 'अनुसंधान के अभाव' में चिकित्सक अनभिज्ञ, प्रशासक संवेदनाशून्य और मीडिया मौन रहा। सिकल सेल रो पर जाग्रति तेज गति से बढ़ी है। किन्तु आज भी भारत में सिकल का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है । अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने त्वरित गति से 'मिशन मोड' पर इस कार्यक्रम को गति दी है।

सिकल सेल व्यक्ति दो तरह के होते हैं- (1) एक वाहक (एएस) एवं (2) दूसरा सिकल सेल रोग पीड़ित (एसएस)। जब माता या पिता प्रत्येक से एक-एक जीन संतान को मिलता है तो इसे सिकल सेल का वाहक कहा जाता है। सिकल सेल वाहक को कोई तकलीफ नहीं होती है। उन्हें किसी इलाज की भी जरूरत नहीं होती। लेकिन जब वे आपस में विवाह करते हैं तो इस रोग के प्रसार की संभावना बढ़ जाती है। उन्हें विवाह पूर्व सिकल कुंडली मिलाने की समझाइश दी जाती है। यदि दो वाहक आपस में विवाह कर भी लेते हैं तो उन्हें गर्भधारण के शुरूआती महीनों में गर्भजल परीक्षण (एमीनोसेन्टेसिस) जाँच कराकर गर्भस्थ सिकल रोगी (एसएस) बच्चे का गर्भपात करा लेना वैधानिक है ।

नवजात शिशुओं का जन्म के समय से ही रक्त परीक्षण कर सिकल रोगी बच्चे को चिन्हित किया जा सकता है। रोगग्रस्त जन्में बच्चों को 2 माह की आयु से ही पेनीसिलीन की गोली और निमोकोकस वैक्सीन (टीका) देकर इन बच्चों में संक्रमण से होने वाली बीमारी को रोका जा सकता है । आवश्यकतानुसार रक्त प्रदाय कर एनीमिया और सिकल रोग से होने वाले दुष्प्रभाव को रोककर ऐसे बच्चों को लम्बा जीवनकाल दिया जा सकता है।

अब सिकल रोग पर विश्व के कई देशों में अनुसंधान का कार्य भी चल रहा है। हाइड्रोक्सीयूरिया जैसी दवाओं ने सिकल रोगियों (एसएस) का प्रबंधन आसान कर दिया है। अब विश्व में जेनेटिक इंजीनियरिंग, जीन थैरेपी एवं मालेकुलर जेनेटिक इंजीनियरिंग अनुसंधान का कार्य प्रगति पर है।

छत्तीसगढ़ विधान सभा में एक संकल्प प्रस्ताव रखा गया था जो सर्वसम्मति से पारित हो चुका है । छत्तीसगढ़ में मालेकुलर और जेनेटिक लेब की स्थापना हुई है। भारत में सबसे पहले छत्तीसगढ़ के सिकल सेल संस्थान की स्थापना भी हुई है।

यह भी उल्लेखनीय है कि इस रोग में शरीर का भी कोई अंग प्रभावित हो सकता है। ऐसी सभी उलझनों का प्रबंधन आसानी से किया जा सकता है।

सिकल सेल को राष्ट्रीय स्तर पर गति तब मिली जब भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसका संज्ञान लिया। वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री जी ने सिकल सेल रोग विकृति की रोकथाम के लिये 'मिशन मोड' पर एक त्वरित प्रयास का शुभारम्भ किया। मध्यप्रदेश के 'शहडोल' नामक शहर में एक विशेष सिकल सेल नियंत्रण की स्थापना की गई है। प्रारम्भिक तौर पर भारत के 17 जिलों के प्रभावित विशेषकर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सिकल सेल का सर्वेक्षण, रोकथाम एवं जन-जागरण का कार्यक्रम त्वरित गति से मिशन मोड पर प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर सिकल के वाहक या विवाह योग्य युवकों के लिये एक डिजीटल कार्ड भी बनाया गया है जो सिकल सेल कुंडली पर भी ध्यान आकर्षित करेगा।

प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक सिकल सेल विकृति के उन्मूलन का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। इसके साथ ही विश्व के लिये एक बड़ी उपलब्धि का आगाज हो चुका है। समय बदल रहा है। अब फीटल हिमोग्लोबीन में परिवर्तन हेतु जेनेटिक इंजीनियरिंग का कार्य प्रगति पर है। आने वाले समय में प्रयोगशाला में नये जीन का निर्माण कर उसे अस्थिमज्जा में प्रथापित किया जा सकेगा। भविष्य में हम सिकल गाथा की समाप्ति की ओर बढ़ रहे हैं।

आओ हम सब मिलकर विश्व सिकल दिवस पर रौशनी का दीप जलाये ।

**( लेखक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व चेयरमैन और प्रोजेक्ट सिकल छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष भी रहे हैं। )**

## आपके पत्र

### कोचिंग का क्रेडिट, स्कूल की गुमनामीः शिक्षकों के साथ यह अन्याय कब तक?

आज कोचिंग संस्थानों को छात्रों की सफलता का सारा श्रेय मिलता है, जबकि वे शिक्षक गुमनाम रह जाते हैं जिन्होंने वर्षों तक नींव रखी। यह विषय उसी विस्मृति की पीड़ा को उजागर करता है। स्कूल और कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षक सिर्फ परीक्षा नहीं, सोच, भाषा और संस्कार गढ़ते हैं। कोचिंग एक पड़ाव है, पर शिक्षकों की तपस्या पूरी यात्रा का आधार। शिक्षा में श्रेय का यह असंतुलन सामाजिक और नैतिक रूप से अन्यायपूर्ण है और इसे सुधारने की सख्त ज़रूरत है।

आज जब भी कोई छात्र NEET, JEE, UPSC या अन्य प्रतियोगी परीक्षा में चयनित होता है, तो मीडिया उसकी सफलता को कोचिंग संस्थान की सफलता के रूप में प्रस्तुत करता है। बधाइयां, होर्डिंग्स, विज्ञापन, और सोशल मीडिया पोस्ट्स -सब पर एक ही नाम चमकता है, कोचिंग सेंटर। लेकिन इस पूरे शोरगुल में वह शिक्षक खो जाते हैं, जिन्होंने कभी उस छात्र को पहली बार पेंसिल पकड़ना सिखाया था, जिसने उसे अक्षरों से परिचय कराया था, जिसने उसकी गणना और तर्क की नींव रखी थी। यह वही शिक्षक हैं जो स्कूल और कॉलेजों में वर्षों तक संघर्षरत रहकर बिना किसी विशेष संसाधन के, बच्चों में सोचने की क्षमता और आत्मविश्वास जगाते हैं। यह लेख इसी अदृश्य, उपेक्षित वर्ग की आवाज़ है।

शिक्षा कभी एक बाज़ार नहीं थी। वह एक संबंध था- गुरु और शिष्य का। लेकिन जब से शिक्षा के क्षेत्र में कोचिंग संस्थानों का वर्चस्व बढ़ा है, तब से यह संबंध एक सेवा और ग्राहक का रूप ले चुका है। छात्र एक उपभोक्ता बन गया है और शिक्षक - एक उत्पाद बेचने वाला। कोचिंग संस्थान अब एक ब्रांड है, जो सफलता बेचता है, और स्कूल का शिक्षक सिर्फ एक सरकारी कर्मचारी, जिसे ना प्रशंसा मिलती है, ना मंच।

शिक्षा में यह असंतुलन क्यों? क्या एक छात्र की सफलता का संपूर्ण श्रेय सिर्फ उस कोचिंग संस्थान को दिया जाना न्यायसंगत है जहां वह अंतिम एक या दो वर्षों में गया? और उस स्कूल या कॉलेज की भूमिका क्या शून्य हो जाती है जहां उस छात्र ने जीवन के 10-12 वर्ष बिताए? हमें यह याद रखना होगा कि कोई भी छात्र एकाएक क्रैक्ट क्लियर नहीं करता। वह प्रक्रिया कहीं कक्षा-3 की हिंदी की कविता याद करने से शुरू होती है, जब शिक्षक उसकी उच्चारण की भूलें सुधारते हैं। वह गणित के पहले गुणा-भाग से शुरू होती है, जब शिक्षक उसकी उंगलियों की गिनती को गणना में बदलते हैं। ये शिक्षक किसी ब्रांड के बोर्ड तले नहीं पढ़ाते, इनकी कक्षाएं बिना एयरकंडीशनर की होती हैं, और कभी-कभी बिना पंखे के भी। लेकिन इनके पसीने से ही भविष्य की नींव तैयार होती है।

मूल शिक्षक केवल क्लासरूम तक सीमित कर दिए गए हैं। उनके नाम पर ना कोई स्कॉलरशिप होती है, ना कोई क्रेडिट सिस्टम। वे दिनभर बोर्ड परीक्षा की कॉपियां जांचते हैं, चुनाव ड्यूटी निभाते हैं, मिड-डे मील के अंडे गिनते हैं और फिर भी समय निकालकर छात्रों को समझाते हैं -'कृपया अपने नाम के आगे IAS लगाओ तो एक बार स्कूल ज़रूर आना!'

**-डॉ सत्यवान सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### सरकार ने मौके गंवाए

*'श्री मोदी ने बताया कि वे विदेशों में वैज्ञानिकों से मिले और नयी-नयी तकनीकों के बारे में जानकारी हासिल की जिससे आगे चलकर भारत का भला होगा। हम प्रधानमंत्री से जानना चाहेंगे कि भारत में जो अंतरराष्ट्रीय ख्याति के वैज्ञानिक हैं मसलन एम. स्वामीनाथन या जयंत नार्लीकर या पुष्प भार्गव, कभी उनके घर जाकर मिलने की बात उनके मन में क्यों नहीं आई? हमें यह भी ध्यान आता है कि छह माह पूर्व भारतीय विदेश सेवा के नवनियुक्त अधिकारियों को उन्होंने सलाह दी थी कि विदेश जाकर वहां की संस्कृति से प्रभावित मत होना। कहने का आशय यह है कि यदि भारत विश्वगुरु है तो फिर हमारे प्रधानमंत्री को विदेशी तकनीक यहां लाने के बारे में सोचना भी क्यों चाहिए? इस सुदीर्घ भाषण में उन्होंने जो अन्य बातें कीं उनमें भी कोई नयी बात न होकर पुराने वायदों का दोहराव ही था।'*

**( देशबन्धु में 05 मार्च 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/03/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### भारतीय संस्कृति का मूल है संस्कृत

संस्कृत में भारतीय संस्कृति की जड़ें हैं। इसी में भारतदेश के पुरातन अतीत की धरोहर है। ऋषियों द्वारा अन्वेषित ज्ञान-विज्ञान का संपूर्ण खजाना है इसमें। हालाँकि यह सत्य पश्चिमोन्मुखी दृष्टि रखने वालों को समझने में भारी कठिनाई है। पिछले कुछ महीनों में इन सबने कई अवसरों पर कई सवाल उठाए। अवसर चाहे केंद्रीय बोर्ड द्वारा विद्यालयों में संस्कृत भाषा की प्रतियोगिता के आयोजन का हो अथवा फिर त्रिभाषा के संविधान सूत्र के अंतर्गत छठवीं से आठवीं कक्षाओं में जर्मन के स्थान पर संस्कृत को पढ़ाए जाने का। इन सबने अपनी आपत्तियां जोर-शोर से उठाईं। सारे मामले को राष्ट्र के हित व अहित से जोड़ने की कोशिश की गई; जबकि इन पश्चिमी दुनिया के प्रशंसकों को राष्ट्रहित की सीख जर्मनी के विदेश मंत्री फैकवाल्टर स्टेनमीयर और चांसलर एंजेला मार्केल से लेना चाहिए, जो अपनी भाषा के प्रति इतने सचेत हैं कि उन्होंने भारत सरकार से पैरवी करके संस्कृत के स्थान पर जर्मन पढ़ाने की अपील कर डाली।

सवाल किसी भाषा का नहीं है, वरन राष्ट्रीय अस्मिता व गौरव का है, देश के इतिहास व संस्कृति के परिचय का है, जो सही व सम्यक अर्थों में संस्कृत से ही संभव है। संस्कृत भाषा में हम सब भारतवासियों की सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित है। संस्कृत की उपेक्षा हमें उस विरासत से अलग कर देती है। शाब्दिक रूप से संस्कृत का अर्थ है-शुद्ध, परिष्कृत, श्रेष्ठ, सुगढ़ आदि। इसे देववाणी भी कहा जाता है। इसकी गरिमा से अनजान लोग इसे केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड से जुड़ा मान लेते हैं। अपने अज्ञान के चलते वे इसे अवैज्ञानिक व अनुपयोगी ठहराने की कोशिश करते हैं; जबकि बड़ी सच्चाई यह है कि इसके अंतर्गत सुरक्षित षड्दर्शनों को जाने बिना हम उस चिंतन तक नहीं पहुंच सकते, जो भारतभूमि की संस्कृति का मूल आधार बना हुआ है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि संस्कृत वाङ्मय, हजारों वर्षों पुरानी भारतीय सभ्यता का सजीव व मूर्तरूप है। यह भाषा किसी न किसी रूप में केरल से चलकर कश्मीर तक और कामरूप से चलकर सौराष्ट्र तक, सभी क्षेत्रों के लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण और पावन क्षणों में उपस्थित रहती है। यह अंदर से बिना प्रकट हुए सबको बांधने का काम करती है और ज्ञान के आलोक में सबको प्रकाशित करती है। यह हम सब भारतवासियों की साझी विरासत है और इस अर्थ में अत्यंत व्यापक है कि यह स्थानीयता के आग्रह से पार जाती है। इसमें इतिहास का पश्चिमी मोह नहीं है और देश-काल का अतिक्रमण कर सबका समावेश कर पाने की क्षमता विद्यमान है। इसके सरोकार व्यापक हैं। यह साहित्य, पर्यावरण, शिक्षा, ज्ञान तथा मानव गरिमा की रक्षा करने के लिए तत्पर है। इसी को ध्यान में रखकर भारत की शिक्षा नीति, जो 1968 ई. में और फिर 1986 ई. में प्रस्तुत की गई, उसमें स्पष्ट रूप से संस्कृत के अध्ययन के महत्व को स्वीकार करते हुए देश के सांस्कृतिक ज्ञान व प्राचीन विरासत को आगे की पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए संस्कृत की शिक्षा को आवश्यक माना गया था।

संस्कृत भारतीय मानव विकास-क्रम से जुड़ी भाषा है। यह भाषा देश की अन्य भाषाओं का उद्गम स्त्रोत है। छात्र-छात्राएं संस्कृत से जुड़ेंगे तो देश की सनातन परंपराओं से भी परिचित होंगे। प्रकृति से भी उनका नाता जुड़ेगा। स्मरणीय है कि संविधान निर्माताओं ने त्रिभाषा सूत्र उस समय भारत की विविधता को ध्यान में रखकर, राष्ट्र व चरित्र निर्माण की चिंताओं के परिप्रेक्ष्य में लिया था। संस्कृत दुनिया की प्राचीनतम भाषा होने के साथ, भाषा विज्ञान की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। यदि हम संस्कृत की बिखरी कड़ियों को जोड़ने और बहुविषयक पहल को आगे बढ़ाते हैं तो इससे वर्तमान ज्ञानप्रणाली और भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाने की अद्भुत क्षमता विकसित होगी।


यह सत्य केवल भारतीय भाषाओं तक सीमित नहीं है। विशेषज्ञों का तो मानना है कि एक भाषा के रूप में संस्कृत अनेक यूरोपीय भाषाओं की जननी है।

**-अखंड ज्योति**

# खेल जगत

## डब्ल्यूटीसी जीत के बाद मारक्रम की टेस्ट रैंकिंग में उछाल

**दुबई।** दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम उन दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) विजेता बनने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में उछाल का अनुभव किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 282 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 207 गेंदों पर 136 रनों की मैच विजयी पारी खेलने वाले मार्करम पुरुषों की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में सात पायदान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल से केवल दो अंक पीछे हैं, जो 725 रेटिंग अंकों के साथ 10वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए कुछ महत्वपूर्ण विकेट लेने वाले मार्करम को ऑलराउंडर रैंकिंग में भी 44 पायदान ऊपर चढ़ने का इनाम मिला है। डेविड बेडिंघम, जो दक्षिण अफ्रीका की जीत के समय क्रीज पर थे, बल्लेबाजी रैंकिंग में 17 पायदान चढ़कर ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के साथ 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



# भारत के कप्तान शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ सही एकादश चुनने की चुनौती

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 18 जून (देशबन्धु)। भारत के नए नौजवान कप्तान शुभमन गिल के लिए मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले, लीडस में शुक्रवार से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट की फिलहाल सूखी बताई जा रही पिच पर सबसे बड़ी चुनौती इसके मुताबिक संतुलित एकादश चुनने की है। यशस्वी जायसवाल के साथ भारत की पारी का आगाज करना तो तय लग रहा है सबसे बड़ा सिरदर्द यह है कि तीसरे नंबर पर क्या नवोदित साई सुदर्शन को अपने टेस्ट करियर का आगाज करने का मौका दिया जाए अथवा आठ बरस टीम में वापसी करने वाले करुण नायर को अथवा नायर को छठे नंबर पर उतारा जाए? केएल राहुल और यशस्वी के साथ पारी शुरू करने पर चौथे नंबर पर खुद कप्तान शुभमन गिल के और पांचवें नंबर पर उपकप्तान कुछ अलग करने का दम रखने वाले ऋषभ पंत को उतारे जाने की पूरी उम्मीद है। अभिमन्यु ईश्वरन ने भले ही इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ दो चार दिनी मैच मे



■ नवोदित सुदर्शन व करुण नायर का खेलना तय
■ बुमराह का फिट हो उपलब्ध होना गेंदबाजी के लिहाज से भारत के लिए अच्छी खबर

भले ही दो अर्द्धशतक जड़े हों लेकिन जिस तरह वह ऑफ स्टंप से जरा सी बाहर जाती गेंद पर इंग्लैंड के दूसरी पंक्ति के गेंदबाजों को कैच थमा आउट हुए उसके चलते भारत के पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे की तरह उनके इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर भी 'यात्री' की तरह एकादश से बाहर एक बार भी बाहर ही बैठने की आशंका ज्यादा नजर आती है। भारत के लिए बेशक सदाबहार विराट कोहली और रोहित शर्मा के इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की इस सीरीज से ठीक पहले टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने से एकादश में खाली स्थान बड़ी चुनौती है। इन दोनों की गैरमौजूदगी में भारत की बल्लेबाजी इस टेस्ट सीरीज में केएल राहुल, उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल, खुद कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान 'एक्स फैक्टर' ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा के अनुभव पर निर्भर करेगी। नवोदित साई सुदर्शन व करुण नायर बेशक बतौर बल्लेबाज कसौटी पर होंगे। भारत के बल्लेबाजों के लिए एक उम्मीद की किरण यह है कि क्रिस वॉक्स, ब्रायडन कार्स,जैमी ओवरटन व जोश टॉन्ग के रूप में उसकी तेज गेंदबाजी में बहुत धार नहीं दिखाई देती है और साथ ही कप्तान चोट के बाद कितने ओवर फेंकेंगे यह तय नहीं है।

## सिराज के लिए बुमराह के साथ अग्रणी गेंदबाज बनने का अवसर है : भरत

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ भारत की आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारियों में उनके गेंदबाजी आक्रमण के बारे में उत्साहपूर्ण चर्चा हो रही है, जिसका नेतृत्व जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ी करेंगे, जो 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण को लगता है कि सिराज के लिए अधिक मुखर होने और सीरीज में पर्यटकों की गेंदबाजी इकाई में अधिक निर्णायक भूमिका निभाने का समय आ गया है, जिसके बारे में उनका मानना है कि यह सीरीज गेंदबाजों के दम पर होगी।

## हर्षित राणा को भारत ने पहले टेस्ट के लिए टीम में जोड़ा

भारत ने इंडिया ए का हिस्सा रह तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ लीडस में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए टीम में जोड़ा है। हर्षित राणा ने अपने टेस्ट करियर का आगाज 2024 में पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर किया था और पर्थ में पहले टेस्ट में चार विकेट चटका भारत को 295 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत की पहले टेस्ट के लिए अब 19 सदस्यीय टीम है = शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतिश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरैल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

# विराट कोहली का संन्यास भारत के लिए सबसे बड़ा नुकसानः ज्योफ्री बायकाट

**लंदन,** 18 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ज्योफ्री बायकाट के अनुसार रोहित शर्मा के संन्यास से कहीं ज्यादा विराट कोहली की गैर-मौजूदगी भारत के लिए एक बड़ा झटका है। इसी के साथ उन्होंने विराट कोहली को टीम इंडिया का 'की-प्लेयर' बताया है। बायकाट ने बुधवार को 'डेली टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कितना टैलेंट या अनुभव है। अगर आप मानसिक रूप से तरोताजा नहीं हैं और चुनौती के लिए तैयार नहीं हैं, तो यह थका देने वाला हो जाता है। रोहित एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं। अपने सर्वश्रेष्ठ समय में, एक बेहतरीन स्ट्रोक प्लेयर, लेकिन उन्हें कोहली जितना याद नहीं किया जाएगा, क्योंकि उनका टेस्ट रिकॉर्ड 'असाधारण' होने के बजाय 'अच्छा' था। पिछले कुछ सालों में उनकी बल्लेबाजी थोड़ी अनुचित रही। उन्होंने आगे लिखा, रोहित, कोहली की तरह कभी भी स्वाभाविक एथलीट नहीं रहे। उन्हें पता है कि इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करना काफी मुश्किल हो सकता है, क्योंकि नई गेंद अधिक घूमती है। आपको वास्तव में सफलता के लिए चुनौती झेलने को तैयार रहना होगा। मुझे लगता है कि समय के साथ पारी की शुरुआत करने और तीनों फॉर्मेट में कप्तान होने की थकान ने उन्हें थका दिया है। रोहित और कोहली दोनों ने मई में टेस्ट



■ इंग्लैंड पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे को हराने के बाद भारत के खिलाफ सीरीज में उतरेगा

क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। इसी के साथ भारत को ओपनिंग और चौथे नंबर पर बैटिंग के लिए उपयुक्त बल्लेबाज की तलाश है। 36 वर्षीय कोहली ने 123 टेस्ट में 9,230 रन बनाए। वह टेस्ट में भारत के सर्वकालिक रन-स्कोरर की लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं।

विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैर-मौजूदगी में भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतना मुश्किल-सा नजर आ रहा है। इंग्लैंड पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे को हराने के बाद भारत के खिलाफ इस अहम सीरीज में उतरेगा। बायकाट ने बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम से भारत को हराने के लिए अपनी बैजबॉल शैली को संयमित करने और कुछ कॉमनसेंस का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है। बायकाट ने अपने कॉलम में लिखा, इंग्लैंड को भारत के खिलाफ जीत दर्ज करनी चाहिए, अगर वह अपने बैजबॉल को संयमित करें और कुछ कॉमनसेंस का उपयोग करें। कई बार उनका क्रिकेट रोमांचक और बेहद मजेदार रहा है, लेकिन लापरवाह बल्लेबाजी के चलते उन्होंने टेस्ट मैच भी गंवाए हैं। उनका एकमात्र मकसद जीतना होना चाहिए, क्योंकि यह बताने का कोई फायदा नहीं है कि आप कितने अच्छे हैं। पिछले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हमारे देश में खेले गए हैं, लेकिन इंग्लैंड उनमें से किसी के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाया। उन्हें शर्मिंदा होना चाहिए। उनका लक्ष्य अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना होना चाहिए। उन्होंने लिखा, नया चक्र अब शुरू हो रहा है। किसी को इंग्लैंड के खिलाड़ियों को यह समझाना होगा कि विजेता होना एक एंटरटेनर के रूप में पहचाने जाने से बेहतर है। अगर आप जीतने के साथ मनोरंजन कर सकते हैं, तो यह एक बोनस है। उन्होंने आगे खा, फ़वह (इंग्लिश टीम) अपनी हार से बदलना या सीखना नहीं चाहते हैं। ऐसा लगता है कि उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इतने सारे इंग्लैंड के टॉप क्लास के पूर्व टेस्ट खिलाड़ी उन्हें अपनी बल्लेबाजी को संयमित करने के लिए कहते रहते हैं। इसलिए कृपया, अपना काम ठीक से करें। अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएं और कुछ क्रिकेट की समझ का इस्तेमाल करें।

# भारत 2026 महिला टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका के साथ एक ग्रुप में

**नई दिल्ली,** 18 जून (एजेंसियां)। भारत को 2026 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप 1 में पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और दो अज्ञात क्वालीफाइंग टीमों के साथ रखा गया है, जो 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। 24 दिनों तक चलने वाले टूर्नामेंट के दसवें संस्करण की शुरुआत 12 जून को एजबस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी। एजबस्टन के अलावा हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लॉर्ड्स अन्य टूर्नामेंट स्थल हैं। एजबस्टन में ही भारत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान का पहला मैच खेलेगा, उसके बाद 17 जून को हेडिंग्ले में क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ खेलेगा। भारत 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा और फिर 25 जून को उसी स्थान



विश्व कप हमेशा खास होते हैं, लेकिन यह पहले से ही अलग लग रहा है - इसमें वास्तव में खेल को बदलने की क्षमता है : नैट साइवर-ब्रंट

पर एक अन्य क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ खेलेगा। भारत का ग्रुप चरण 28 जून को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर कई बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक बड़े मुकाबले के साथ समाप्त होगा। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने एक बयान में कहा कि विश्व कप हमेशा खास होते हैं, लेकिन यह पहले से ही अलग लग रहा है - इसमें वास्तव में खेल को बदलने की क्षमता है। यह हमारे खेल के लिए एक बड़ा क्षण होने जा रहा है और युवाओं को प्रेरित करने और देश भर के प्रशंसकों को लुभाने का एक शानदार अवसर है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ, सबसे बड़े पुरस्कार के लिए घरेलू धरती पर खेलना, इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। मैं इसका हिस्सा बनने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। यह अब तक खेले गए सबसे बड़े आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का भी प्रतीक होगा, जिसमें 12 टीमें प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो वर्तमान में न्यूजीलैंड के पास है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के अलावा, ग्रुप 2 में श्रीलंका, वेस्टइंडीज और अन्य दो टीमें शामिल हैं, जो अगले साल होने वाले वैश्विक क्वालीफायर से आएंगी।

# श्रीलंका बनाम बांग्लादेशः रहीम ने टेस्ट में सातवीं बार जड़े 150 प्लस रन

**गॉले,** 18 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेशी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने श्रीलंका के खिलाफ गॉले में जारी टेस्ट में 150 प्लस रन की पारी खेली है। रहीम की इस शानदार पारी के दम पर बांग्लादेश विशाल स्कोर की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। मुशफिकुर रहीम मुकाबले के दूसरे दिन बारिश के चलते खेल रोके जाने तक 159 रन बना चुके थे। इस दौरान उन्होंने 325 गेंदों का सामना करते हुए नौ चौके भी जड़े। टेस्ट करियर में ऐसा सातवीं बार है, जब इस खिलाड़ी ने 150 का आंकड़ा पार किया हो। इससे पहले मुशफिकुर रहीम श्रीलंका के खिलाफ 200 रन (मार्च 2013), न्यूजीलैंड के खिलाफ 159




■ रहीम की इस शानदार पारी के दम पर बांग्लादेश विशाल स्कोर की ओर बढ़ता नजर आ रहा है

रन (जनवरी 2017), जिम्बाब्वे के खिलाफ 219* (नवंबर 2018), जिम्बाब्वे के खिलाफ 203* (फरवरी 2020), श्रीलंका के खिलाफ 175* (मई 2022) और पाकिस्तान के खिलाफ 191 रन (अगस्त 2024) की पारी खेल चुके हैं। गॉले इंटरनेशनल स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला शुरुआत में बांग्लादेश पर भारी पड़ता नजर आया। इस टीम ने 45 के स्कोर तक अपने शीर्ष-3 बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। यहां से मुशफिकुर रहीम ने नजमुल शांतो के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 264 रन जोड़े। इस साझेदारी ने मेहमान टीम को मुकाबले में वापस ला दिया। नजमुल शांतो 279 गेंदों में 148 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रहीम ने लिट्टन दास के साथ शतकीय साझेदारी करते हुए टीम को 400 के पार पहुंचा दिया।

## खिताब जिताने वाले कोच को मेलबर्न रेनेगेड्स का तोहफा, तीन साल के लिए फिर से अनुबंध

**मेलबर्न,** 18 जून (एजेंसियां)। मेलबर्न रेनेगेड्स ने बीते सीजन महिला बिग बैश लीग का खिताब जिताने वाले हेड कोच साइमन हेल्मोट को बड़ा तोहफा दिया है। फ्रेंचाइजी ने हेल्मोट के साथ फिर से तीन साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट किया है। बिग बैश लीग ने बुधवार को इसका आधिकारिक ऐलान किया। मेलबर्न रेनेगेड्स ने बयान में कहा, कि बेखौफ क्रिकेट पर आधारित अभियान में, हेल्मोट ने अपने चौथे सीजन में रेनेगेड्स को सफलता दिलाई और कम से कम विमेंस बीबीएल-13 के अंत तक वह टीम के साथ होंगे।



साइमन हेल्मोट के पास ऑस्ट्रेलिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग का अच्छा-खासा अनुभव है

साइमन हेल्मोट के पास ऑस्ट्रेलिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग का अच्छा-खासा अनुभव है। इसमें आईपीएल, सीपीएल और आईएलटी में भूमिकाएं शामिल हैं। साइमन हेल्मोट इससे पहले बीबीएल-1 से बीबीएल-4 तक रेनेगेड्स पुरुष टीम के साथ रहे थे। साल 2020 में दोनों टीमों के असिस्टेंट कोच के रूप में वह फिर से क्लब में लौटे और इसके बाद महिला टीम की जिम्मेदारी संभाली। साइमन हेल्मोट ने कहसा कि पिछला सीजन हमारे प्लेइंग ग्रुप और स्टाफ के लिए बेहद खास रहा।

# पूर्व चैम्पियन क्वितोवा, डैन इवांस को विंबलडन के मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड

**लंदन,** 18 जून (एजेंसियां)। दो बार की विंबलडन चैंपियन चेक गणराज्य की पेट्रा क्वितोवा, जो इस साल मातृत्व अवकाश से लौटी हैं, ब्रिटिश नंबर 1 डैन इवांस के साथ विंबलडन मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड प्राप्त करने वालों में शामिल हैं।

क्वितोवा 1990 के दशक में जन्मी पहली खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने ग्रैंड स्लैम खिताब जीता



स्थापित नामों और अगले टेनिस सितारों के मिश्रण को चैंपियनशिप के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश दिया गया है, जिसके लिए क्वालीफाइंग 23 जून से शुरू होंगे और मुख्य ड्रॉ 30 जून से शुरू होगा। क्वितोवा 1990 के दशक में जन्मी पहली खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने ग्रैंड स्लैम खिताब जीता, जब उन्होंने 2011 के विंबलडन फाइनल में मारिया शारापोवा को हराया। उन्होंने 2014 में वीनस रोजवाटर डिश को फिर से हासिल किया। 35 वर्षीय खिलाड़ी वर्तमान में 572वें स्थान पर हैं और उन्होंने पिछले महीने रोम में इरिना-कैमेलिया बेगू पर अपनी वापसी का पहला मैच जीता था। इवांस इस सप्ताह एचएसबीसी चैंपियनशिप में 2023 में मैनचेस्टर में डेविस कप के बाद से रैंकिंग के हिसाब से अपनी सर्वश्रेष्ठ जीत हासिल करने के लिए फ्रांसेस टियाफो को हराने के बाद अपने 10वें विंबलडन मुख्य ड्रॉ में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इवांस के साथ वाइल्ड कार्ड पाने वाले अन्य पुरुष 2023 के लड़कों के एकल चैंपियन हेनरी सियरल, जे क्लार्क, जैक पिनिंगटन जोन्स, जोहानस मंडे, जॉर्ज लोफहेगन और ओलिवर क्रॉफर्ड हैं। इस बीच, जैक ड्रेपर, जैकब फर्नले, कैम नॉरी और बिली हैरिस को पुरुष एकल में सीधे प्रवेश मिला है। महिलाओं की ओर से एम्मा राडुकानू, केटी बौल्टर और सोने कार्तल सभी को सीधे प्रवेश मिलेगा।

## हेडिंग्ले में भारत ने कपिल और गांगुली की कप्तानी में जीते हैं दो टेस्ट

**लीड्स,** 18 जून (एजेंसियां)। भारत 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड की धरती पर विजयी होने की मुश्किल चुनौती की शुरुआत करने के लिए तैयार है। हेडिंग्ले में शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में मेजबान इंग्लैंड से पहला टेस्ट खेलेगी। एक्यूवेदर के अनुसार, शुक्रवार को टेस्ट का पहला दिन पांच दिनों में सबसे गर्म होगा, जिसमें तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि शनिवार को तापमान लगभग समान रहेगा, लेकिन दक्षिण दिशा से 17 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलेंगी ।रविवार का दिन पिच पर काफी घटनापूर्ण रहेगा, जिसमें लीड्स में बादल छाए रहने की उम्मीद है, जिसमें 91% बादल छाए रहेंगे। 54 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाएं चलने की उम्मीद है। चौथे और पांचवें दिन तापमान 21 और 23 डिग्री तक गिर जाएगा, दोनों दिनों में बारिश होने की 25 प्रतिशत संभावना है। ब्रेंडन मैकुलम को 2022 में मुख्य कोच नियुक्त किए जाने के बाद से 22 मैचों में, जिस टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण का विकल्प चुना है, उसने 15 में से नौ मौकों पर जीत हासिल की है, जबकि पहले बल्लेबाजी करने के छह प्रयासों में हार का सामना करना पड़ा है।

## सार संक्षेप

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम शूटआउट में नीदरलैंड से हारी

**उट्रेच (नीदरलैंड)** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में निर्धारित समय में गोल रहित ड्रॉ के बाद हुए शूटआउट में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय और नीदरलैंड की टीम चारों क्वार्टर में कई मौकों के बावजूद गोल करने में विफल रही। निर्धारित समय में दोनों टीमों के बीच गोल रहित ड्रा के बाद शूटआउट शुरु हुआ। शूटआउट में भारत के लिए लालरिनपुई और प्रियंका यादव ने गोल किये। वहीं नीदरलैंड के लिए इम्मे डे लीउ, रूस अल्केमेड और लोटे रस्ट ने एक-एक गोलकर अपनी टीम को 3-2 से जीत दिला दी। भारतीय महिला जूनियर टीम ने अपने यूरोपीय दौरे को पांच में से चार मैचों में जीत हासिल करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम का यह प्रदर्शन एक से 13 दिसंबर तक चिली सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्वकप 2025 तैयारियों के तहत देखा जा रहा है।

### अल्काराज और ड्रेपर क्वींस क्लब में दूसरे दौर में

**लंदन।** टेनिस जगत के दिग्गज कार्लोस अल्काराज और जैक ड्रेपर ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए क्वींस क्लब चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। स्पेन के स्टार अल्काराज ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स वाल्टन की चुनौती को पार करते हुए सीजन का अपना पहला ग्रास-कोर्ट मैच 6-4, 7-6(7) से जीत लिया ।वहीं एक अन्य मुकाबले में ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने एंडी मरे एरिना में अमेरिकी जेनसन ब्रूक्सबी पर 6-3, 6-1 की शानदार जीत के साथ घरेलू दर्शकों को रोमांचित कर दिया ।ड्रेपर का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई एलेक्सी पोपिरिन से होगा, जबकि अल्काराज का हमवतन जैम मुनार से भिड़ेंगे।

### द. अफ्रीका की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 166 रनों से हराया

**केव हिल।** तेजमिन ब्रिट्स (101) की शतकीय, कप्तान लॉरा वुलफार्ट (75) की शानदार पारियों के बाद एम क्लास (चार विकेट), एन म्लाबा और एनरी डर्कसन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को (डीएलएस पद्धति) से 166 रनों से हरा दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। तेजमिन ब्रिट्स को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया ।वेस्टइंडीज की महिला टीम ने मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए तेजमिन ब्रिट्स और कप्तान लॉरा वुलफार्ट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 184 रन जोड़े।

# विश्व टेस्ट चैम्पियन बने द. अफ्रीका का घर पर जोरदार स्वागत

**जोहान्सबर्ग,** 18 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल जीतने के बाद, दक्षिण अफ्रीकी टीम बुधवार को ओआर टैम्बो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत के बीच घर पहुंची। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जीत दर्ज की, 27 साल से आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सिलसिला खत्म किया, ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर क्रिकेट के घर, लंदन में लॉर्ड्स में प्रसिद्ध गदा उठाई। कप्तान टेम्बा बावुमा और कोच शुकरी कॉनराड उत्साही समर्थकों का अभिवादन करने वाले पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने चैंपियन के रूप में उन्हें दी गई गदा को गर्व से थामे रखा। एक-एक करके, प्रत्येक खिलाड़ी फूलों का गुलदस्ता लेकर आए, गर्मजोशी से हाथ मिलाया, प्रशंसकों को गले लगाया और ऑटोग्राफ दिए। लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह जीत विशेष रूप से महत्वपूर्ण थी, जिसने 1998 के बाद से पुरुष



■ दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में 27 साल से आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सिलसिला खत्म किया

या महिला क्रिकेट में देश की पहली सीनियर आईसीसी ट्रॉफी को चिह्नित किया, जिसने प्रोटियाज के लिए लंबे इंतजार को समाप्त कर दिया। लुंगी एनगिडी ने अपने आगमन पर सुपर स्पोर्ट्स को बताया कि इस खेल में अंडरडॉग के रूप में जाना और दक्षिण अफ्रीका के लिए जो हमने किया है, वह करने में सक्षम होना वास्तव में एक गौरवपूर्ण क्षण है। रयान रिकलेटन ने कहा किमुझे नहीं लगता कि हममें से कुछ लोग आज हवाई अड्डे पर पहुंचने से पहले हमने जो कुछ हासिल किया है, उसकी महत्ता को समझ सकते थे। आप वास्तव में देख सकते हैं कि सभी जयकारे लगा रहे हैं...और लोग वास्तव में टीम के पीछे हैं। यह पूरे समूह के लिए अविश्वसनीय रूप से विशेष है। यह ऐतिहासिक जीत एक साल बाद आई है जब प्रोटियाज भारत के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल में जीत से चूक गए थे। दक्षिण अफ्रीका की डब्ल्यूटीसी जीत का मतलब है कि उन्होंने प्रोटियाज कप्तान के रूप में अपनी शुरुआत में टेम्बा बावुमा के लिए 10 टेस्ट मैचों में अपराजित रहने का सिलसिला बढ़ाया।

## क्लब विश्व कपः इंटर मिलान और मॉन्टेरी का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ

**नई दिल्ली,** 18 जून (एजेंसियां)। एफसी इंटरनैजियोनेल मिलानो और सीएफ मॉन्टेरी ने बुधवार (आईएसटी) को रोज बाउल में 1-1 से बराबरी के साथ फीफा क्लब विश्व कप 2025 अभियान की शुरुआत की। दोनों टीमें रिवर प्लेट से दो अंक पीछे हैं, जो सिएटल में उरावा रेड डायमंड्स के खिलाफ 3-1 से विजयी रही थी। इंटर ने पहले



■ जो सिएटल में उरावा रेड डायमंड्स के खिलाफ 3-1 से विजयी रही थी

हाफ में लगातार दबाव बनाए रखा, लेकिन मॉन्टेरी को कप्तान सर्जियो रामोस ने 25वें मिनट में कॉर्नर किक से गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई।39 वर्षीय पूर्व रियल मैड्रिड स्टार ने इंटर सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बस्तोनी को पछाड़कर गोलकीपर यान सोमर को छकाते हुए हेडर से गोल किया। इसके बाद 42वें मिनट पर लौटारो मार्टिनेज ने गोल के साथ इंटर को मुकाबले में 1-1 से बराबरी पर ला दिया। 64वें मिनट में मॉन्टेरी ने उस समय बढ़त लगभग हासिल कर ही ली थी, जब सर्जियो कैनालेस का लॉन्ग-रेंज प्रयास सोमर के गोल के बाएं पोस्ट से टकरा गया।

## सार समाचार

### शुभम ठाकुर का एमबीबीएस में हुआ चयन



**आष्टा, देशबन्धु।** एस.बी.एस. कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में एक बार फिर 'विशेष उपलब्धि' संस्था के वर्ष 2023 के पास आउट छात्र 'शुभम ठाकुर/जितेंद्र सिंह ठाकुर' का नीट 2025 में 720 में से 514 अंक प्राप्त कर एमबीबीएस के लिए चयनित होने पर संस्था संचालक भोलू सिंह ठाकुर, सह संचालक जीवन सिंह ठाकुर, प्राचार्य रीना ठाकुर, शिक्षक पुष्पेंद्र सैंधव आदि शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्र एवं अभिभावक को पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

### अमानक पॉलीथीन उपयोग करने वाले दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई

**सिरोंज, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद सिरोंज



द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देशानुसार नगर के नवीन बस स्टेण्ड पुराने बस स्टेण्ड एंव हाट बाजार आदि क्षेत्रो में अमानक पॉलीथीन उपयोग करने वाले दुकानदारों पर चालानी कार्यवाही की गई।

जिसमें 100 दुकानों की जांच कर लगभग 4 किलो पॉलीथीन जप्त की गई तथा 2800 की चालानी कार्यवाही की गई तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दुकानदारों को अमानक पॉलीथीन उपयोग न करने की हिदायत दी गई। चालानी कार्यवाही में स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, स्वच्छता निरीक्षक मनीष कुमार, प्रभारी दरोगा आकाश, राजेश, विक्रम, राजकिरण, वाटरमेन छोटे, अलीम आदि उपस्थित होकर संयुक्त चालानी कार्रवाई की गई।

# भोपाल से सिरोंज आ रही यात्री बस पलटी, 30 से अधिक यात्री घायल

**काकरखेडी की घाटी में हुआ हादसा, 9 गंभीर घायलों को विदिशा जिला अस्पताल किया रेफर**



**सिरोंज, देशबन्धु।** भोपाल से सिरोंज आ रही एक यात्री बस आज सुबह सिरोंज से करीब 10 किलोमीटर दूर काकरखेडी की घाटी पर पलट गई। जिससे करीब 33 यात्री घायल हो गए। बस के पलटते ही अफरा तफरी मच गई और लोगों ने फोन लगाना शुरू कर दिए। मौके पर आसपास के ग्रामीण भी पहुंच गए जिन्होंने घायल यात्रियों की मदद की। सूचना मिलते ही एसडीएम हर्षल चौधरी एसडीओपी उमेश तिवारी घटना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने घायल यात्रियों को सिरोंज व विदिशा भेजने की व्यवस्था की। बताया जा रहा है कि बस की कमानी टूट जाने के कारण यह दुर्घटना हुई जिससे बस के दोनों अगले पहिए अलग हो गए और बस ड्राइवर की तरफ पलट गई। यदि यही बस क्लीनर की तरफ पलटती तो बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि उस तरफ गहरी खाई थी। आए दिन भोपाल सिरोंज रोड पर दौड़ने वाली यात्री बसों की शिकायतें आती रहती हैं जिसमें बसों के अनफिट होने व ड्राइवर द्वारा तेजी व असावधानीपूर्वक चलाने के मामले मुख्य रूप से होते हैं परंतु कई बार समझाईश देने के बाद भी यह पुलिस प्रशासन की नहीं मानते और रोडो पर अपनी मनमानी गति से यात्री वाहन चलाते हैं, जिससे ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल से सिरोंज आ रही सद्गुरु ट्रांसपोर्ट की बस दोपहर करीब 12 बजे कांकर खेड़ी घाटी के पास पलट गई।

दुर्घटना में 33 यात्री घायल हुए हैं। सभी घायलों को सिरोंज के सरकारी अस्पताल में तत्काल भर्ती कराया गया। इनमें से गंभीर रूप से घायल 9 यात्रियों को विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया। बस 2013 मॉडल की है। बस के समस्त दस्तावेजों की जांच की गई जो नियमानुसार पाए गए। फरियादी गौरीशंकर गुप्ता पुत्र बाबूलाल गुप्ता उम्र 34 साल निवासी कोलार भोपाल की रिपोर्ट पर धारा 281,125(ए), बी.एन.एस. 184 मो.व्ही.एक्टक के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। इस दुर्घटना में दीप्ती पत्नी अनियव उम्र 35 साल निवासी भोपाल, योगेन्द्र अग्रवाल पुत्र मातादीन अग्रवाल उम्र 40 साल निवासी भोपाल, दीपक पुत्र मूंगालाल उम्र 28 साल निवासी ग्राम बगरोदा, मूंगालाल पुत्र तोरन सिंह उम्र 55 साल निवासी ग्राम बगरोदा, आशीष पुत्र चन्द्रभान उम्र 30 साल निवासी ग्राम रूसल्लीदामा, शंकर पिता जगदीश बंजारा उम्र 24 साल निवासी ग्राम तंबरोरिया,सीमा पत्नी शंकर बंजारा उम्र 23 साल निवासी तंबरोरिया,भूरीबाई पति अमर सिंह नायक उम्र 40 साल निवासी निपानिया बरबाई,राधाबाई पत्नि घनश्याम नायक उम्र 30 साल निवासी निपानिया बरवाई, गोरीशंकर पिता बाबूलाल गुप्ता उम्र 34 साल निवासी भोपाल, रिहान , देवीलाल पुत्र मोहनलाल उम्र 60 साल निवासी बैरसिया रेफर, लताबाई पत्नी दयाराम उम्र 30 साल निवासी झागर सेमलखेडी, अशोक राजानी पत्नी विजय उम्र 40 साल निवासी करोद भोपाल, ललिता पति कमल सिहं नाथ उम्र 60 निवासी बरबटपुरा थाना शमशाबाद, वसीम पुत्र जलील बेग उम्र 40 साल निवासी करोद भोपाल, हुसैन खां पुत्र नासिर खां उम्र 60 साल निवासी करमेडी, अंशू चौधरी पुत्र रामकेवल उम्र 25 साल निवासी खुशीनगर उ.प्र., मेहरवान सिंह पुत्र गुलाव सिंह उम्र 65 साल निवासी उनारसीताल, राहुल पुत्र जमनाप्रसाद पंथी उम्र 25 साल निवासी सिरोंज, हरनाम पुत्र खूब सिंह उम्र 72 साल निवासी हसनपुर सिरोंज, जमील पुत्र जलील बेंग उम्र 54 साल निवासी समतापुरा , भानुपर भोपाल, तुलसाबाई पत्नी पूरन सिंह उम्र 65 साल निवासी करोंद भोपाल, युसुफ पुत्र हमीर खां उम्र 55 साल निवासी ग्राम कस्वाताल थाना पथरिया, रूकसाना पति युसुफ खां उम्र 50 साल निवासी कस्वाताल थाना पथरिया, रेखा पत्नि गणेश उम्र 27 साल निवासी शेरपुरा कालोनी , नटेरन, गणेश पुत्र पूरन सिंह उम्र 36 साल निवासी शेरपुरा कालोनी , नटेरन, लईक पुत्र मुंशी खा उम्र 48 साल निवासी शमशाबाद, हुजा पुत्र आरिफ उम्र 2 साल निवासी करोंद भोपाल, साफिया पत्नी आरिफ उम्र 30 साल निवासी करोंद भोपाल, चरण शाक्य पुत्र बालमुकुन्द शाक्य उम्र 32 साल निवासी नारायणपुर भोपाल 32. निराली पुत्र फेमीद उम्र 40 साल निवासी भानपुर भोपाल। बस में कंडक्टर व ड्राइवर भी थे जो घटनास्थल से भाग गए।

## भेरून्दा सीएमओ बने नगर निगम उज्जैन में सहायक आयुक्त



**भेरून्दा, देशबन्धु।** नगर परिषद भेरूंदा के सीएमओ का ट्रांसफर नगर निगम उज्जैन में सहायक कमिश्नर के रूप में हुआ है। मार्च 2023 में नगर परिषद भेरूंदा सीएमओ का पद संभाला था। उसके बाद यहां स्थानीय परिषद और अध्यक्ष के साथ मिलकर बड़ी योजना बनाकर सामंजस्य के साथ नगर भेरूंदा का सुनियोजित विकास किया। जिसका परिणाम है, कि आज नगर भेरूंदा एक विकसित नगर के रूप में उभर के सामने आया है।

उसी का परिणाम है कि सीएमओ प्रफुल्ल गठरे एक अच्छे अधिकारी के रूप में चयनित होकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र के बुधनी विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी नगर परिषद भेरूंदा में आए थे।

अब उत्कृष्ट कार्यों के कारण ही और उच्च व्यवहार को देखते हुए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के गृह शहर उज्जैन नगर निगम में सहायक कमिश्नर पद पर नियुक्त किए गए हैं।

## नदी का पानी हुआ बेहद प्रदूषित, चारों और गंदगी व्याप्त



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर वासियों के लिए पानी की पूर्ति करने वाली पार्वती नदी इन दिनों अंतिम दौर में गुजर रही है। बचा हुआ पानी अब पीने योग्य नहीं बचा है। उक्त पानी में से बदबू आने लगी है। तेजी के साथ पानी प्रदूषित होता जा रहा है। पीना तो छोड़ो उक्त पानी अब नहाने योग्य भी नहीं बचा है।

बचे हुए शेष पानी में चारो और गंदगी हो चुकी है। देखरेख के आभाव में तेजी के साथ पानी खराब होता रहा है। नगरपालिका द्वारा कुछ वार्डो में नदी का सीधा प्रदूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। यह लोगों के किसी भी उपयोग में नहीं आ रहा है। मजबूरन वार्ड वासी उक्त पानी को भर तो लेते हैं, लेकिन पानी में से बदबू आती है, साथ में पानी भी अपना रंग बदल चुका है।

नलों से आने वाला पानी अब गंदा बदबूदार और हरे रंग में सप्लाई किया जा रहा है। जो पीना तो छोड़ो नहाने योग्य भी नहीं बचा है, यहां तक कि उक्त पानी का उपयोग किसी भी कार्य में नहीं लाया जा सकता। उक्त पानी अगर पीते हैं तो कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो सकती है।

## जल संकट से निपटने विधायक के प्रयासों से 18 ग्रामों में किए गए ट्यूबवेल खनन



**आष्टा, देशबन्धु।** विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के विशेष प्रयासों से भीषण गर्मी में उत्पन्न जल संकट से निपटने के लिए मई-जून 2025 में विधायक के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा आष्टा विधानसभा क्षेत्र के लगभग 20 ग्रामों में नवीन ट्यूबवेल खनन किए गए।

कराए गए नवीन ट्यूब बेलों में से अधिकांश में पानी निकलने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। विधायक कार्यालय से दी गई जानकारी अनुसार आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवपुर, मंगलपुर मुल्लानी, बालाखेड़ा, भगवानपुर, सेवदा, सामरदी, उमरपुर, कन्नौद मिर्ची, गवाखेड़ा, चाचाखेड़ी, हीरापुर, वीसुखेड़ी, मालीपुरा, अब्दुल्लापुरा, मुंडला, पाडालिया, भेरूपुर, आरोलिया एवं रामपुर कला में ट्यूबवेल खनन किए गए। लगाए गए अधिकांश बोर में पानी निकला उन ग्रामों में भीषण गर्मी में ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। विधायक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गर्मी से निपटने के लिए किए गए बोर खनन के बाद इन सभी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हैंडपंप लगाए जा रहे हैं।

## जनसुनवाई : ग्रामीणों ने विधायक का किया सम्मान



**आष्टा, देशबन्धु।** पिछली जनसुनवाई में ग्राम रामपुराकला के ग्रामीणों, महिलाओं ने बड़ी संख्या में विधायक कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में अपने ग्राम में गम्भीर जल संकट की शिकायत की थी, तभी विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पीएचई विभाग को ग्राम में बोर खनन हेतु निर्देशित किया। विधायक के निर्देश पर ग्राम में बोर खनन किया गया, जिसमे 2 इंची पानी निकला, ग्रामीणों में खुशी छा गई । समस्या के निदान होने पर रामपुराकला के ग्रामीण जनसुनवाई में पहुचे ओर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का ग्राम की ओर से साफा बांध कर स्वागत सम्मान कर आभार व्यक्त किया ।

प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने, उन्हें हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है आज बुधवार को प्रात: 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये ।

**एक सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को हल करना मेरा धर्म है-**

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है ।

आज भी बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। वहीं आज ग्रामीण क्षेत्रो के कई प्रतिनिधि मंडलों ने भी विधायक से भेंट की। सभी आई शिकायतों एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए, कुछ आवेदन निराकरण के लिए सम्बंधित विभागों को भेजे गए।

## 2 जुलाई को नगर में निकलेगी रथयात्रा



**भेरूंदा, देशबन्धु।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा हमारे नगर भैरुंदा में 2 जुलाई को निकलेगी। इस यात्रा में शामिल होने के लिए हमारे नगर भैरुंदा की मातृशक्ति की बैठक हुई। जिसमें उज्जैन इस्कॉन मंदिर से सुंदर दास एवं उन्होंने सभी का मार्गदर्शन किया।

आपने बताया भगवान जगन्नाथ प्रभु स्वयं आपके नगर में कृपा बरसाने आ रहें हैं। भगवान जगन्नाथ के रथ को रस्सियों से खींचकर पुण्य कमाना है। इस अवसर यात्रा के संयोजक मंडल के सदस्य संतोष खंडेलवाल, पारस वर्मा, कपिल खंडेलवाल, पूजा बैरागी, उमा मांगीलाल खंडेलवाल,नीता अग्रवाल,एकता खंडेलवाल, सरिता अग्रवाल, संगीत अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, उषा शिशिर, राधिका जैमिनी एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### संगठन सर्जन अभियान के तहत हुआ कांग्रेस का कार्यक्रम

## भाजपा के पतन की शुरुआत हो गई है : पटवारी



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नगर के योगेश्वरी गार्डन में कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सर्जन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, संगठन सजन अभियान की एवं एआईसीसी पर्यवेक्षक ममता भूपेश वैरवा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल चौधरी, जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी प्रभुसिंह ठाकुर, संजय अहिरवार, राजेंद्र मालवीय, जहीर अहमद, मोहित रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधी बात करते हुए, उन्हें सृजन कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा का पतन शुरू हो गया है। आगामी 2028 में कांग्रेस सत्ता में आएगी। संगठन के सृजन कार्यक्रम की मध्य प्रदेश से शुरू हुआ है और विदिशा जिले को पायलट प्रोजेक्ट बनाया है। यह हम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहनों को 3 हजार प्रति माह देने की घोषणा की थी, 19 महीने बीत जाने के बाद भी घोषणा मात्र घोषणा बनकर रह गई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन विगत चुनावों में हार को लेकर काफी गंभीर है। कांग्रेस में अभी भी कांग्रेसी विचारधारा के कार्यकर्ता मौजूद हैं। जिला अध्यक्ष की दावेदारी के लिए वे ही कार्यकर्ता आगे आए, जो 24 घंटे संगठन व राजनीति कार्य करने के लिए समय दे सकें। समयदान करने वाले कार्यकर्ता जो 24 घंटे संगठन का कार्य कर सकें, वही राजनीति करें। कार्यक्रम को संगठन सृजन अभियान की एआईसीसी पर्यवेक्षक श्रीमती ममता भूपेश वैरवा रवा, पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, कुणाल चौधरी, प्रभु सिंह ठाकुर, वीर सिंह रघुवंशी, मोहित रघुवंशी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर अपने विचार रखें। कार्यक्रम की पश्चात केंद्रीय पर्यवेक्षक ममता भूपेश भैरवा ने कार्यकर्ताओं से रायसुमारी की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विधानसभा गंजबासौदा ग्यारसपुर के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर महिलाओं को दी 101 सिलाई मशीन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बुधवार को मानस भवन में नागरिक सेवा समिति के संस्थापक स्व. विशनजी भाई की 31वीं एवं मातुश्री रतन बाई शाह की 33 वीं पुण्यतिथि बड़े ही अनूठे ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, पूर्व विधायक लीना जैन, निशंक कुमार जैन ज्योति शाह, रामायण मंडल ट्रस्ट अध्यक्ष एड. मदन मोहन तिवारी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, रीता देवी भावसार, विनोद शाह, नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष कांति भाई शाह ने भारत माता एवं समिति के संस्थापक स्वर्गीय विशनजी भाई रतन बाई शाह के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में संस्था दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ संचालक दमयंती बेन योगेश शाह की ओर से 101 सिलाई मशीन गरीब एवं असहाय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु भेंट की गई ताकि वह अपने परिवार का लालन पालन कर सके।

उल्लेखनीय है कि नागरिक सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं में निर्धन बच्चों की पढ़ाई के लिए जो राशि भेंट की जाती थी वह इस वर्ष भी पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए की राशि का चेक नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित संदीप रावत केशव लाहोरी पहलवान सिंह एवं 25 हजार रुपए की राशि का चेक स्पंदन स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षिकओं को भेंट किया। अतिथियों द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजक दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ के संचालक श्रीमती दमयंती बेन योगेश शाह का शाल श्रीफल भेंट कर पुष्प गुच्छ एवं पुष्पमालाओं से स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों का नागरिक सेवा समिति परिवार की ओर से शाल श्रीफल भेंट कर एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। समाजसेवी शिवप्रसाद श्रीवास्तव ने परिवार द्वारा 5 सिलाई मशीनों एवं नारायणी देवी जगन्नाथ प्रसाद जैन रूप महल प्रिंसी मैचिंग सेंटर परिवार द्वारा दो सिलाई मशीन का सहयोग दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिक सेवा समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नागरिक सेवा समिति के सचिव सुरेश तनवानी ने किया एवं आभार समिति के श्वेतांबर समाज के सचिव विनोद शाह ने व्यक्त किया। इस मौके पर रमेश भाई शाह, कोषाध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा, सत्यपाल तनवानी, हेमनदास मंघवानी डॉ. डीपी शर्मा, गोविंद नारायण खंडेलवाल, विनीत अरोरा, संतोष शर्मा, तुलसीराम नामदेव आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक ने बैठक में कहा

# सृजन अभियान: जन सरोकारों से कांग्रेस को जोड़ने के लिए है



**आष्टा, देशबन्धु।** प्रदेश भर में चल रहे कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिले में गतिशील, समन्वयकारी तथा कांग्रेस की विचार धारा के लिये प्रतिबध्द कांग्रेस कार्यकर्ताओं में से अध्यक्ष बनाने के लिए केंद्रीय तथा प्रादेशिक पर्यवेक्षक के साथ ही संगठन प्रभारी एवं सह पर्यवेक्षक भी सौंपी गई जवाबदेही को पूर्णता प्रदान करने में अग्रसर हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा महासचिव एवं सांसद राहुल गांधी के दिशा निर्देश पर इंदौर जिला ग्रामीण के केंद्रीय पर्यवेक्षक दानिश अबरार पूर्व विधायक राजस्थान तथा सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी , प्रादेशिक पर्यवेक्षक कैलाश परमार पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस तथा महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी , जिला कांग्रेस इंदौर ग्रामीण के संगठन प्रभारी अवनीश भार्गव तथा सह पर्यवेक्षक राहुल शर्मा सचिव मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत इंदौर ग्रामीण क्षेत्र में सघन दौरा और मीटिंग के माध्यम से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मत संग्रहण किया । साथ ही कांग्रेस की विचारधारा , देश हित मे कांग्रेस के अमूल्य योगदान और गौरवशाली इतिहास से अवगत कराते हुए कार्यकर्ताओं को विचारधारा की लड़ाई आत्मविश्वास से लड़ते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया । प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पर्यवेक्षक गण ने इंदौर जिला ग्रामीण के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सिलसिलेवार मीटिंग के माध्यम से रायशुमारी का कार्य पूर्ण किया है । मजबूत संगठन के लिए मत संग्रहण, सकारात्मक वातावरण और चुनोतियों का ब्यौरा ले कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपने निकले इंदौर जिला ग्रामीण के पर्यवेक्षक साथी बुधवार को पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष तथा प्रादेशिक पर्यवेक्षक इंदौर कैलाश परमार के निवास पर रुके ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पर्यवेक्षक दानिश अबरार ने कहा कि हमे सौंपे गए सांगठनिक जिला इंदौर में रायशुमारी और यहां की सभी विधान सभा क्षेत्र में दौरे से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस की स्वाभाविक विचारधारा आमजन में गहराई से विद्यमान है । हम सभी पर्यवेक्षक गण ने यह महसूस किया है कि भाजपा के सत्ता पोषित संगठन से निबटने के लिये मुखरता से निडर हो कर लड़ाई लड़नी होगी । श्राम किलेरामा में प्रादेशिक पर्यवेक्षक कैलाश परमार ने पूरी टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप प्रगति , पूर्व सरपंच मधुसूदन परमार एडवोकेट सुरेंद्र सिंह परमार, हंसराज परमार उपस्थित थे ।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### प्रेरणा बनीं क्राइस्ट यूनिवर्सिटी पूना की टॉपर, एलएलबी में टॉप रैंक हासिल



**बैतूल, देशबन्धु।** इस वर्ष 2025 में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, पूना से एलएलबी की पढ़ाई पूरी करने वाली सुश्री के. प्रेरणा ने टॉप रैंक प्राप्त कर जिले और परिवार का नाम रोशन किया है। के. प्रेरणा की इस उपलब्धि पर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर और महाराष्ट्र शासन के शिक्षा मंत्री ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दीं। देशभर से, विशेष रूप से महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और मध्यप्रदेश से शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्राइस्ट यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से टॉप रैंक लाकर के. प्रेरणा ने यह साबित कर दिया कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो तो कोई भी छात्रा किसी भी क्षेत्र में ऊंचाइयों को छू सकती है। परिवारजनों और शिक्षकों में भी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है। के. प्रेरणा के. लक्ष्मी नारायण की सुपुत्री हैं, जो सारणी से संबंध रखते हैं। लक्ष्मी नारायण ने सारणी स्थित ताप विद्युत गृह के सरकारी स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की है। वर्तमान में वे हैदराबाद में निवास करते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से

**बैतूल, देशबन्धु।** आने वाले 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति द्वारा तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो गई है। यह शिविर फिल्टर प्लांट के पीछे माचना नदी विसर्जन घाट, विवेकानंद वार्ड बैतूल में आयोजित किया जा रहा है। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी सुनील कुबड़े ने बताया कि 19, 20 एवं 21 जून को प्रतिदिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जाएगा और प्रतिभागियों को योग के महत्व की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से लोगों को यह बताया जाएगा कि नियमित योग और आयुर्वेद के माध्यम से कैसे बड़ी-बड़ी बीमारियों से बचाव और उपचार संभव है। इस प्रशिक्षण शिविर में पतंजलि के प्रशिक्षक हितेश पटेल, शिखा बारस्कर, बिमल दुबे, विनोद परिहार एवं संतोष तोमर द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान विधियों का अभ्यास कराया जाएगा, जिससे साधक अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य को बनाए रख सकें।

### आयुष संगठन ने नवागत सीएमएचओ से की मुलाकात, रखी बात

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में नवागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज हुरमाड़े से आयुष संगठन ने सौजन्य मुलाकात की। संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर सुमित मदरेले ने गुलदस्ता भेंट कर तथा मुंह मीठा कराकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के सदस्य डॉक्टर शैलेंद्र सोनी ने जिले में आयुष संगठन द्वारा अब तक किए गए सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी सीएमएचओ को दी। उन्होंने बताया कि संगठन ने पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, बच्चों के स्वास्थ्य और जन-जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सीएमएचओ मनोज हुरमाड़े ने संगठन की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से जिले का स्वास्थ्य और सामाजिक तंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर जिले के हित में जो भी बेहतर हो सकता है, वह करना चाहिए और इस कार्य में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। इस मुलाकात में संगठन के सदस्य डॉक्टर प्रियेश पात्रीकर, डॉक्टर शैलेंद्र हारोड़े, डॉक्टर नरेश पांसे, डॉक्टर संदीप परिहार, डॉक्टर गणेश लिखितकर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

न्यायालयीन कार्रवाई के बीच तोड़फोड़, कृषि भूमि में घुसकर किया नुकसान

# बुजुर्ग की जमीन से सीमेंट के पोल और तार उखाड़े

**▸ 2 क्विंटल तार चोरी, जमीन मालिक ने मांगा इंसाफ, बताई पूरी कहानी**



**बैतूल, देशबन्धु।** भूमि विवादों से जूझते बैतूल जिले में एक और मामला सामने आया है, जिसमें मोती वार्ड सोनाहिल कॉलोनी, चक्कर रोड, बैतूल निवासी 63 वर्षीय राजेन्द्र पिता रघुनाथ मालवीय ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि उनकी कृषि भूमि खसरा नंबर 399/5, रकबा 0.101 हेक्टेयर, जो कि मौजा बडोरा तहसील व जिला बैतूल में स्थित है, इस पर जानबूझकर कब्जे की नीयत से अनावेदक मनोज पारधे बडोरा द्वारा तोड़फोड़ की गई है।

राजेन्द्र मालवीय ने वर्ष 2013 में उक्त भूमि को रूपेश पिता कृष्णकुमार मालवीय, सोनाघाटी बैतूल से विधिवत पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया था। उन्होंने अपने स्वामित्व की भूमि पर बबूल के 25 से अधिक वृक्ष लगाए हैं तथा ताप्ती नदी से मंगाकर तीन डम्पर बोल्डर भी डम्प किए हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने वर्ष 2013 में ही चारों दिशाओं में सीमेंट पोल गाड़कर कंटीले तारों से पूरी तरह सीमांकन भी किया था।

राजेन्द्र मालवीय के अनुसार, उनकी भूमि की सीमाएं उत्तर में प्रितेश की भूमि खसरा 399/4, दक्षिण में खसरा 400 और 401, पूर्व में विक्रेता की शेष भूमि तथा पश्चिम में आम रास्ते से लगी हुई है। उन्होंने बताया कि मनोज पारधे जो कि दक्षिण दिशा की भूमि पर वर्ष 2003 से काबिज है, उसका विगत वर्ष कुछ अतिक्रमणकारियों से विवाद हुआ था, जिसके संबंध में उसने व्यवहार न्यायालय में प्रकरण दायर किया था, जिसे बाद में उसने स्वयं ही वापस ले लिया।

#### सीमांकन में अतिक्रमण बताया

हाल ही में हुए सीमांकन में राजेन्द्र मालवीय की भूमि का कुछ भाग मनोज पारधे द्वारा अतिक्रमित बताया गया, जिस पर उन्होंने तहसीलदार और एसडीएम के समक्ष आपत्ति दर्ज की है। इसके साथ ही उन्होंने न्यायालय वरिष्ठ खंड बैतूल में मनोज पारधे और अन्य के विरुद्ध व्यवहार वाद भी दायर किया है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है और आगामी सुनवाई 28 जून 2025 को होनी है। शिकायत के अनुसार, 15 जून 2025 को दोपहर 2 बजे जब राजेन्द्र मालवीय अपनी भूमि पर पहुंचे तो देखा कि उनकी लगाई गई पूरी फेंसिंग तोड़ी जा चुकी है। लगभग 2000 फीट लंबे, करीब 2 क्विंटल वजनी कंटीले तार, जिसकी कीमत 2000 रुपये बताई गई है, इसको स्थल से उखाड़ कर ले जाया गया था। सीमेंट पोल भी तोड़ दिए गए थे। उन्हें पूरा संदेह है कि यह कार्य मनोज पारधे द्वारा न्यायालयीन कार्रवाई को प्रभावित करने की नीयत से किया गया है। राजेन्द्र मालवीय ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को दंडित करने तथा चोरी किए गए कंटीले तारों की वापसी की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है ।

भाजपा सरकार ने किसानों से किए वादे नहीं किए पूरे: गायकवाड़

# किसान ठगे जा रहे हैं ऐसे में कैसे लाभ का धंधा बन पाएगी कृषि ?



**बैतूल, देशबन्धु।** खरीफ सीजन की शुरुआत हो चुकी है लेकिन जिले में किसानों को बीज और फसल बीमा की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सोयाबीन की कीमत 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल बताई गई थी, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज तक 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल भी नहीं मिल पा रहे हैं। इससे परेशान होकर किसान इस बार मक्का की बोवनी कर रहा है, लेकिन जिले के कृषि विभाग के पास न मक्का, न धान, न तुअर और न ही सोयाबीन का उन्नत बीज उपलब्ध है। सावंगा के किसान पिंटू कहते हैं, केवल पिछले दो दिन से सीमित मात्रा में सोयाबीन बीज आया है, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं है। किसानों ने मजबूरी में महंगे दाम देकर बाजार से मक्का का बीज खरीदा है और अब तक 50 प्रतिशत से ज्यादा बोनी जिले में हो चुकी है। इसके बावजूद भाजपा सरकार इस विषय पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। किसान बीज के लिए दर-दर भटक रहा है। सरकार मंचों पर किसानों की आय दोगुनी करने की बातें करती है लेकिन वास्तविकता इससे कोसों दूर है।

इसी को लेकर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमेश गायकवाड़ ने बुधवार को राज्यपाल के नाम अनुविभागीय कृषि अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं, जिससे किसानों में आक्रोश है। भाजपा ने चुनाव के समय मंच से 2700 रुपए में गेहूं, 3100 रुपए में धान और 6000 रुपए में सोयाबीन खरीदने के वादे किए थे, लेकिन सरकार के तीन साल बीत जाने के बाद भी किसानों को इन दामों पर फसल बेचने का अवसर नहीं मिला। कांग्रेस सरकार के समय किसानों को बोनस, कर्जमाफी और उचित मुआवजा दिया जाता था, जबकि भाजपा सरकार ने केवल उद्योगपतियों के कर्ज माफ किए हैं। रबी फसल के बीज पर मिलने वाला अनुदान भी अब तक किसानों को नहीं मिला है और जिन किसानों की फसल खराब हुई थी, उन्हें बीमा राशि तक नहीं दी गई। बीमा कंपनी ने निश्चित तिथि पर बीमा प्रीमियम तो वसूल लिया, लेकिन जिन किसानों ने एक दिन की देरी से भुगतान किया, उन्हें बीमा से वंचित कर दिया गया। अब सरकार को चाहिए कि वह भी बीमा राशि देने की एक निश्चित तारीख तय करे। जिला किसान कांग्रेस ने मांग की है कि राज्यपाल इस विषय में हस्तक्षेप करें और किसानों को खरीफ फसल के लिए उन्नत बीज तथा फसल बीमा तत्काल उपलब्ध कराया जाए।

# न्यूनतम वेतन के एरियर्स का भुगतान न होने पर सीटू ने सरकार को घेरा, श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन




**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण के कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं कर पा रही है। इससे लाखों श्रमिकों, ठेका कर्मियों और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वैधानिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन हो रहा है। यह आरोप सीटू यूनियन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन तथा ऑटो चालक एकता यूनियन के संरक्षक कामरेड कुन्दन राजपाल ने लगाया है। यह बात सीटू यूनियन की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कही गई है। 17 जून को सीटू प्रतिनिधिमंडल ने श्रम पदाधिकारी धम्यदीप भगत के माध्यम से श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार प्रत्येक पांच वर्षों में वेतन का पुनरीक्षण होना चाहिए, लेकिन प्रदेश सरकार इसका पालन नहीं कर रही है।

सीटू यूनियन ने आरोप लगाया कि पिछली बार नवंबर 2019 में पुनरीक्षण किया गया, लेकिन उसके लाभ अप्रैल 2024 से दिए गए, जिससे श्रमिकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। यह भी बताया गया कि 01 अप्रैल 2024 से लागू इन पुनरीक्षित दरों को कानूनी विवाद में उलझा दिया गया, जिसकी सुनवाई मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में हुई। अंततः 10 फरवरी 2025 को सुनवाई के बाद 21 फरवरी 2025 को फैसला आया, जिसके बाद पूरे प्रदेश में यह दरें प्रभावशील मानी गईं।हालांकि सरकार ने मार्च 2025 का वेतन बढ़ी हुई दरों से अप्रैल में दे दिया, लेकिन अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक का एरियर्स अब तक नहीं दिया गया है। यह एरियर्स राशि लाखों श्रमिकों की मेहनत की कमाई है, जिसे जानबूझकर रोका जा रहा है। यूनियन का कहना है कि यह स्थिति न्यूनतम वेतन कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जो श्रमिक, ठेका व आउटसोर्स कर्मी एरियर्स की मांग कर रहे हैं, उन्हें प्रताा?ित किया जा रहा है। कुछ मामलों में तो उन्हें नौकरी से भी निकाल दिया गया है। इस स्थिति को देखते हुए सीटू यूनियन ने श्रमायुक्त से मांग की है कि इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए जाएं।

# कढ़ाई रोड पर जेसीबी से खुदाई, बिजली पोल गिरने का खतरा, ग्रामीणों ने की शिकायत

**▸ जामठी में 40 साल पुराना नाला बंद, बरसात में होगी परेशानी**



**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम जामठी कढ़ाई रोड में जेसीबी से की गई खुदाई और नाले को बंद किए जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने उप महाप्रबंधक बिजली और कलेक्टर से अलग-अलग शिकायतें कर अपनी सुरक्षा और हक की मांग की है। एक ओर जहां खुदाई से बिजली के पोल गिरने का खतरा बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर निजी चिकित्सालय संचालक पर बरसात में कच्चे मकान गिरवाने की साजिश का आरोप लगाया गया है। मामले में अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों ने जनसुनवाई का सहारा लिया।

ग्राम जामठी कढ़ाई रोड निवासी विजय चंदेलकर, संतोष प्रजापति और प्रीतम ने उप महाप्रबंधक, दक्षिण संभाग, बैतूल को शिकायत प्रस्तुत कर बताया कि उनके घरों से लगभग 10 और 30 मीटर की दूरी पर दो बिजली के पोल स्थित हैं, जो पहले से ही एक छोटे नाले में लगे हुए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि 20 मई 2025 को दोनों पोल के पास जेसीबी मशीन से खुदाई की गई, जिससे अब बरसात के दिनों में वहां पानी भरने की संभावना और अधिक बढ़ गई है। इससे दोनों पोल गिरने का खतरा बना हुआ है और क्षेत्रवासियों की जान को खतरा हो सकता है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने मांग की है कि बिजली पोल की सुरक्षा हेतु तत्काल उपाय किए जाएं और जेसीबी से की गई खुदाई की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत जामठी के कढ़ाई रोड निवासी ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर एक और गंभीर मामला उठाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के एक निजी चिकित्सालय संचालक ने 20 मई को जेसीबी मंगवाकर लगभग 40 साल पुराने नाले को बंद कर दिया।

# अग्निवीर परीक्षा में ओजस के 5 छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बैतूल, देशबन्धु।** ओजस शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान मोरन ढाना के लिए यह गौरव का क्षण है, जब यहां से प्रशिक्षण प्राप्त पांच होनहार छात्रों ने अग्निपथ योजना की कठिन अग्नि परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अग्निवीर के रूप में अपनी नियुक्ति प्राप्त की। नव-नियुक्त अग्निवीरों पवन माकोड़े, हेमन्त देशमुख, ललित बुआड़े, विजय यादव और पंकज यदुवंशी के संस्थान में आगमन पर भावपूर्ण स्वागत किया गया। संस्थान में अध्ययनरत वर्तमान छात्रों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया और उनके अनुभवों को उत्साहपूर्वक सुना। जब इन अग्निवीरों से सफलता का राज पूछा गया तो सभी नवनियुक्त अग्नि वीरो ने एकमत होकर ओजस एक सफलता की सीढ़ी है जवाब दिया। छात्रों ने बताया कि उनका अग्निपथ का सफर उसी दिन शुरू हो गया था, जब उन्होंने ओजस संस्थान में प्रवेश लिया। यहां उन्हें शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण भी एक साथ मिलता रहा। उन्होंने विशेष रूप से संस्थान संचालक श्री अनिल वर्मा का उल्लेख किया, जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कठोर अनुशासन और समर्पण की भावना सिखाई। छात्रों ने बताया कि अनिल वर्मा केवल दिन में ही नहीं, बल्कि रात में भी कक्षाएं लिया करते थे। अगर कोई छात्र पाठ याद नहीं करता था, तो उन्हें कक्षा में बंद कर बाहर से ताला लगाया जाता था। आज वही सख्ती उनकी सफलता की नींव बनी है।

छात्र हेमन्त देशमुख की सफलता की कहानी तो प्रेरणा की मिसाल है। जब वह मात्र 5 वर्ष का था, उसके पिता का देहांत हो गया। उसकी मां श्रीमती देशमुख ने बताया कि उस समय हम बिल्कुल अकेले थे। पढ़ाई की चिंता अलग से थी। उसी समय श्रीमती वर्मा मैडम ने कहा था कि हेमन्त को ओजस में एडमिशन दिला दो, फीस की चिंता मत करो।

### शासकीय भूमि पर दबंगों का कब्जा, ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** आमला तहसील के ग्राम छिपन्या और गोलढाना में शासकीय भूमि पर दबंगों द्वारा वर्षों से कब्जा कर खेती की जा रही है। इस संबंध में आवेदक खेमू यदुवंशी और आकाश यदुवंशी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आमला को शिकायत प्रस्तुत की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों ने जानबूझकर राजस्व अभिलेख में दर्ज शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और उस पर खेती कर आय अर्जित कर रहे हैं। शिकायत में बताया गया है कि ग्राम छिपन्या पिपरिया, तहसील आमला, जिला बैतुल में खसरा नंबर 34 (1.331 हेक्टेयर), 114 (0.142 हेक्टेयर), 115 (3.9074 हेक्टेयर) तथा ग्राम गोलढाना, तहसील आमला में खसरा नंबर 28 (13.830 हेक्टेयर) शासकीय भूमि है, जिस पर अनावेदक विक्रमसिंह, रितेश सिंह, दिनेश, मुरली, सुरेश, शिवराम और कमलेश द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि यह कब्जा बीते 4 से 5 वर्षों से किया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि अनावेदक दबंग प्रवृत्ति के हैं, जिससे ग्रामवासी उनके विरुद्ध बोलने और शिकायत करने से डरते हैं। शिकायत में कहा गया है कि जिन शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया है, उसमें अनावेदकों का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। न तो उनके नाम भूमि के राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं और न ही उनके पास किसी प्रकार का दस्तावेज मौजूद है। इसके साथ ही ग्राम छिपन्या और गोलढाना की लगभग 200 एकड़ शासकीय भूमि पर अन्य कृषकों द्वारा भी इसी प्रकार अवैध अतिक्रमण कर खेती की जा रही है।

# मकान में तोड़फोड़, परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप, एसपी से शिकायत



**बैतूल, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम बोरपेंड निवासी देवशंकर बारपेटे ने अपने मकान में जबरन तोड़फोड़ और परिवार को जान से मारने की धमकी देने वाले अनावेदकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपा है।

देवशंकर बारपेटे ने अपने आवेदन में बताया कि 9 जून की शाम करीब 6.30 बजे कुछ अनावेदकों ने जबरदस्ती उनके मकान की छत के कवेलू उतार कर नीचे फेंक दिए, जिससे वे पूरी तरह टूट गए। इस घटना से मकान की छत पूरी तरह से खुल गई है और अब बारिश का मौसम शुरू हो जाने से मकान की दीवारें गिरने की संभावना बन गई है। उन्होंने बताया कि पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रह रहा है, जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मकान में लगभग 20 क्विंटल चना और 50 क्विंटल गेहूं भरा हुआ है, जो बारिश से खराब होने की कगार पर है। इस पूरी घटना से उन्हें करीब 10 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हो चुका है। देवशंकर बारपेटे ने घटना का वीडियो भी बनाया है और इसकी रिपोर्ट थाना मुलताई के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी मासोद में दर्ज कराई है। साथ ही हल्का पटवारी को भी जानकारी दी गई है, परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने से वह बेहद दुखी और निराश हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जब उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई तो अनावेदकों ने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने पुलिस को कुछ बताया तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। इस धमकी के चलते वह और उनका पूरा परिवार डरा-सहमा हुआ है। देवशंकर बारपेटे ने पुलिस अधीक्षक बैतूल से निवेदन किया है कि वह मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के विरुद्ध शीघ्र सख्त कार्रवाई करें, ताकि उनका परिवार सुरक्षित रह सके और उन्हें न्याय मिल सके।

नवाचार की सर्वत्र हो रही सराहना: सृजन भारती द्वारा निर्मित 21 हजार गोबर दीपों से हुई महाआरती, जगमगाया पावन धाम

# गोबर से बने दीपों की दिव्यता से सजा ताप्ती तट





**बैतूल, देशबन्धु।** मुलताई के पावन ताप्ती तट पर मंगलवार की शाम अध्यात्म, पर्यावरण और राष्ट्रधर्म का दिव्य संगम देखने को मिला। सृजन भारती समिति द्वारा गौसंवर्धन एवं पर्यावरण संवर्धन की भावना से गोबर से निर्मित 21 हजार दीपों से महाआरती की गई। यह आयोजन दिव्य सूर्य महायज्ञ और मां ताप्ती उद्गम स्थल उद्धार महोत्सव के अंतर्गत किया गया, जिसमें जगद्गुरु शंकराचार्य जी एवं धर्माचार्य सोमेश परसाई की विशेष उपस्थिति रही।

जैसे ही सूर्य की किरणें अस्ताचल को अग्रसर हुईं, ताप्ती तट पर वैदिक मंत्रों के मध्य दीपों की रौशनी से पूरा परिसर ज्योतिर्मय हो उठा। यह आयोजन धार्मिकता के साथ ही सामाजिक चेतना से भी ओतप्रोत था। सृजन भारती समिति द्वारा पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म समारोह वर्ष के अवसर पर उनके द्वारा महिला स्वावलंबन कार्यों से प्रेरणा लेकर जिलेभर से 500 बहनों को निशुल्क प्रशिक्षण देकर गोबर से दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुएं बनाने हेतु तैयार किया गया। जिसमें 50 जरूरतमंद बहनों द्वारा बनाए गए 21 हजार दीपक अध्यात्म का प्रतीक बने और राष्ट्रहित, धर्मरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश भी प्रसारित कर गए। समिति से उत्तम गायकवाड के नेतृत्व में जगद्गुरु शंकराचार्य एवं धर्माचार्य सोमेश परसाई को गाय के गोबर से निर्मित पूजा सामग्री, सजावटी एवं दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुएं सप्रेम भेंट की, जिसे देखकर दोनों धर्मगुरुओं ने सृजन भारती समिति द्वारा गौ संवर्धन एवं पर्यावरण की दिशा में किए गए प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की और इसे गौमाता के संरक्षण और भारत की आत्मा के जागरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य बताया। उत्तमजी द्वारा समिति के साथ धर्म गुरुओं से निवेदन किया कि आगामी समय में पवित्र नदियों में महा आरती के अवसर पर दीपदान हेतु गाय के गोबर से बने दीपक ही उपयोग में ले ऐसा प्रचार प्रसार हो। ताप्ती तट पर गोबर से निर्मित दीपों की उजास और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे एक ऐतिहासिक क्षण में बदल दिया। नगर सहित अंचल के सैकड़ों श्रद्धालु इस महाआरती में सम्मिलित हुए और पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और राष्ट्रीय चेतना का एक अद्वितीय वातावरण बना रहा।

सृजन भारती समिति के कार्यकर्ता उत्तम गायकवाड, विजय हारोडे, वंदना कुंभारे, बलराम जसूजा, हरीश गडेकर, दीपक पाल, रोशन मगरदे, कपिल डांगे, राहुल वडुकले, मृदुल मालवीय, सोनू बोरवन, नीतू, सुशीला समस्त समिति कार्यकर्ता गौसंवर्धन, महिला स्वावलंबन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में जनजागरण फैलाने के अपने संकल्प को लेकर निरंतर सक्रिय है और भविष्य में भी इस पवित्र उद्देश्य को सभी के सहयोग से जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। दिव्य सूर्य महायज्ञ स्थल ताप्ती तट पर गोबर से बने दीपों की सौंधी खुशबू, वैदिक ध्वनि और राष्ट्रधर्म का यह संगम लंबे समय तक जनमानस में एक पवित्र स्मृति के रूप में अंकित रहेगा।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 5.12 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.99 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.24 प्रतिशत |
| मारुति | 1.12 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.74 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 1.79 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.55 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.35 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.16 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.95 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 99,500 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,09,412 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही भारत की जीडीपी : पुरी

### आने वाले समय में आठ ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी

**नई दिल्ली,** 18 जून (एजेंसियां)। भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और आने वाले समय में इसका आकार आठ ट्रिलियन डॉलर कर पहुंच जाएगा। यह बयान केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को दिया।

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत वर्तमान में दो ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका है और 6.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। इसी रफ्तार से आने वाले समय में देश आठ ट्रिलियन डॉलर तक की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बढ़ने का असर प्रत्यक्ष तौर पर नागरिकों पर पड़ता है।

देश में आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ती हैं और प्रति व्यक्ति आय में इजाफा होता है। दुनिया इंटर कनेक्टेड है इसलिए गुड्स और सर्विसेज का एक्सचेंज भी बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था बढ़ने से दुनिया में आपकी स्वीकार्यता बढ़ती है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।



देश की अर्थव्यवस्था बढ़ने का असर प्रत्यक्ष तौर पर नागरिकों पर पड़ता है। देश में आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ती हैं : हरदीप सिंह पुरी

## भारत के कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़कर 40 हुई



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि देश के कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़कर 40 हो गई है, जो कि पहले 27 थी। इजरायल और ईरान संघर्ष के बीच मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और इस समय चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में दुनिया में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और हमारे कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं की संख्या अब बढ़कर 40 हो गई है, जो कि पहले 27 थी। इसके अलावा हम स्वयं भी कच्चे तेल का उत्पादन कर रहे हैं। हमारा आउटपुट भी बढ़ रहा है और हमारे पास काफी स्टॉक है।

हमारा काम देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की गई है। अब इस योजना का लाभ 10.33 करोड़ गरीब परिवारों को मिल रहा है। पहले केवल शहरी इलाकों तक ही गैस सिलेंडर की सुविधा सीमित थी, लेकिन मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि देश के ग्रामीण इलाकों में भी एलपीजी सिलेंडर आसानी से पहुंचे। 2014 में हमने बायोफ्यूल ब्लेंडिंग 1.4 प्रतिशत से शुरू की थी, जो आज 20 प्रतिशत पर पहुंच गई है। भारत वर्तमान में दो ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका है और 6.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। इसी रफ्तार से आने वाले समय में देश आठ ट्रिलियन डॉलर तक की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश की अर्थव्यवस्था बढ़ने का असर प्रत्यक्ष तौर पर नागरिकों पर पड़ता है। देश में आर्थिक गतिविधि भी बढ़ती है और प्रति व्यक्ति आय में इजाफा होता है। दुनिया इंटरकनेक्टेड है इसलिए गुड्स और सर्विसेज का एक्सचेंज बढ़ेगा।

## भारतीय डिफेंस कंपनियों की आय वित्त वर्ष 26 में 15-17 प्रतिशत बढ़ेगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 18 जून (एजेंसियां)। भारत का डिफेंस सेक्टर वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहा है और देश की डिफेंस कंपनियों की आय वित्त वर्ष 26 में 15-17 प्रतिशत बढ़ेगी। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।




आईसीआरए के एनालिसिस में कहा गया कि आय में अच्छी बढ़त की वजह ऑर्डर्स का मजबूत एग्जीक्यूशन होना है। वित्त वर्ष 25 के अंत में डिफेंस कंपनियों का ऑर्डर बुक/ऑपरेटिंग इनकम रेश्यो 4.4 गुना था। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने, निवेश को प्रोत्साहित करने और निर्यात का विस्तार करने के लिए 'आत्मनिर्भर भारत' को अपने मूल में रखते हुए कई नीतिगत पहलों को लागू किया है। इनमें डिफेंस सेक्टर में एफडीआई नीतियों का उदारीकरण, डिफेंस ऑफसेट नीति को जारी रखना, दो डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर की स्थापना और पांच 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों' की अधिसूचना और ऑनलाइन स्वदेशीकरण पोर्टल 'सृजन' के माध्यम से स्वदेशीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा सरकार ने पूंजीगत परिव्यय पर जोर देते हुए इस क्षेत्र के लिए बजट में भी वृद्धि की है, जो पिछले पांच वर्षों में 8.29 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 के बजट अनुमान (बीई) में 1.92 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि सरकार की पहलों के कारण घरेलू विक्रेताओं से डिफेंस खरीद पर व्यय वित्त वर्ष 17 में 61 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में लगभग 75 प्रतिशत हो गया है।

## सोना की कीमत में तेजी जारी, चांदी ऑल-टाइम हाई पर पहुंची

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 99,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब और चांदी की कीमत ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 307 रुपए बढ़कर 99,454 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि मंगलवार को 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 91,100 रुपए हो गई है, जो कि पहले 90,819 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम



सोने का दाम बढ़कर 74,591 रुपए हो गया है, जो कि पहले 74,360 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

आईबीजेए द्वारा दिन में दो बार-सुबह और शाम सोने की कीमतें जारी की जाती हैं। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी इजाफा देखने को मिला है और यह ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 312 रुपए बढ़कर 1,09,412 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,09,100 रुपए प्रति किलो थी।

## भारत की मजबूत राजकोषीय गतिशीलता विकास को देगी बढ़ावा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 18 जून (एजेंसियां)। कोरोना महामारी के बाद भारत की राजकोषीय गतिशीलता में सुधार हुआ है, जिसमें खर्च की गुणवत्ता में सबसे बड़ा बदलाव आया है, जो पिछले पांच वर्षों में सरकार द्वारा किए गए उच्च पूंजीगत व्यय से स्पष्ट होता है। यह जानकारी मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि राजकोषीय गतिशीलता में सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास मिश्रण और मुद्रास्फीति प्रबंधन के लिए अच्छा संकेत है। राजस्व घाटे में कंसोलिडेशन की तेज गति न केवल केंद्र बल्कि राज्यों द्वारा भी बेहतर खर्च मिश्रण को दर्शाती है। रिपोर्ट के अनुसार, वास्तव में, महामारी के बाद




■ विवेकपूर्ण राजकोषीय गतिशीलता विकास मिश्रण व मुद्रास्फीति के लिए अच्छी

एक महत्वपूर्ण बदलाव केंद्र द्वारा उच्च पूंजीगत व्यय की ओर शिफ्ट है, जिसमें केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2020 (महामारी से पहले) में सकल घरेलू उत्पाद के 1.6 प्रतिशत से दोगुना होकर वित्त वर्ष 2025 में सकल घरेलू उत्पाद का 3.2 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह, राज्यों का पूंजीगत व्यय महामारी से पहले जीडीपी के 1.9 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी के 2.3 प्रतिशत पर पहुंच रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे बढ़ते हुए, हम उम्मीद करते हैं कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2026 में जीडीपी के 4.4 प्रतिशत तक कम होकर और मजबूत होगा, जबकि राज्यों के लिए, हम उम्मीद करते हैं कि घाटा जीडीपी के 2.6 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घाटे को मजबूत करने और खर्च के मिश्रण में सुधार के साथ विवेकपूर्ण राजकोषीय गतिशीलता विकास मिश्रण और मुद्रास्फीति के लिए अच्छी है।

**सार संक्षेप**

### मिजोरम का डीआईबीडी के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** समावेशी डिजिटल शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डिजिटल इंडिया भाषिनी प्रभाग (डीआईबीडी) और मिज़ोरम सरकार ने बहुभाषी शासन को बढ़ावा देने तथा अपनी मूल भाषा में भाषा प्रौद्योगिकी के माध्यम से मिज़ो समुदाय को सशक्त बनाने के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस रणनीतिक साझेदारी के साथ मिज़ोरम भाषिनी के अभिनव मंच को अपनाने के लिए तैयार है, जो सभी नागरिकों के लिए डिजिटल पहुँच और भागीदारी सुनिश्चित करते हुए राज्य की भाषाई विरासत को संरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस करार पर बुधवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में हस्ताक्षर किए गए। यह करार में मूल भाषा की पहुंच को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय भाषाओं को संरक्षित करने और डिजिटल समावेशन के माध्यम से आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के मिजोरम के प्रयासों की बात कही गई है।

### आईओटी की ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी ब्रांड वनप्लस ने भारत में प्रीमियम इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) उत्पादों का स्थानीय स्तर पर निर्माण के लिए ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने जारी बयान में यह रणनीतिक साझेदारी भारत के लिए वनप्लस के दीर्घकालिक दृष्टिकोण और क्षेत्र में स्थानीयकरण प्रयासों को मजबूत करने के लिए हाल ही में शुरू की गई परियोजना स्टारलाइट प्रतिबद्धता के अनुरूप है। वनप्लस अपनी स्थानीय विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार करने की दिशा में प्रयास कर रहा है और अब उसने भारत में बनाए जा रहे अपने मौजूदा स्मार्टफोन रेंज के अलावा नोएडा स्थित सुविधा में अपने आईओटी उत्पादों के पोर्टफोलियो का निर्माण शुरू कर दिया है। वनप्लस के प्रमुख आईटीओ उत्पादों में टीडब्ल्यूएस उत्पाद और वायरलेस नेकबैंड शामिल हैं।

### टाटा मोटर्स ने कतर में अपनी उपस्थिति की मजबूत

**दोहा।** टाटा मोटर्स ने मध्य पूर्व के बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करते हुए बुधवार को कतर में अपनी नई एलपीओ 1622 बस लांच की।

कंपनी के एक बयान के अनुसार, कर्मचारियों के परिवहन के लिए विशेष रूप से विकसित, मध्य पूर्व में कंपनी की पहली यूरो VI-अनुपालन वाली बस बेहतर परफॉर्मेंस, आरामदायक यात्री अनुभव और स्वामित्व की कम लागत प्रदान करती है। टाटा एलपीओ 1622 बस एक विश्वसनीय कमिंस आईएसबीई 5.6एल यूरो VI-अनुपालन इंजन द्वारा संचालित है, जो 220 एचपी पावर और 925 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। बस दो सीटिंग कॉन्फिगरेशन 65-सीटर और 61-सीटर में उपलब्ध है, जो विभिन्न कर्मचारी परिवहन आवश्यकताओं के लिए फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करती है।


# बिकवाली से शेयर बाजार का गिरना जारी

■ सेंसेक्स 138.64 अंक की गिरावट लेकर 81,444.66 अंक पर ■ निफ्टी 41.35 अंक फिसलकर 24812.05 अंक पर बंद

**मुंबई,** 18 जून (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, यूटिलिटीज, धातु, पावर, टेक और फोकस्ड आईटी समेत 17 समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 138.64 अंक की गिरावट लेकर 81,444.66 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.35 अंक फिसलकर 24812.05 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.34 प्रतिशत उतरकर 45,690.53 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत कमजोर रहकर 53,033.80 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2448 में बिकवाली जबकि 1532 में लिवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2955 कंपनियों में से 1851 में गिरावट जबकि 1026 में तेजी रही वहीं 78 में टिकाव रहा।

बीएसई के 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 0.66, ऊर्जा 0.41, एफएमसीजी 0.47, वित्तीय सेवाएं 0.17, हेल्थकेयर 0.52, इंडस्ट्रियल्स 0.40, आईटी 0.76, दूरसंचार 0.01, यूटिलिटीज 0.75, कैपिटल गुड्स 0.48, धातु 0.65, तेल एवं गैस 0.47, पावर 0.67, रियल्टी 0.46, टेक 0.53, सर्विसेज 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.75 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04, जापान का निक्केई 0.90 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.27 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.12 प्रतिशत गिर गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 269 अंक की गिरावट लेकर 81,314.62 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,858.97 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 81,237.01 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 81,583.30 अंक के मुकाबले 0.17 प्रतिशत उतरकर 81444.66 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 65 अंक गिरकर 24,788.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24947.55 अंक के उच्चतम जबकि 24,750.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,853.40 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत कमजोर रहकर 24,812.05 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में टीसीएस 1.79, अडानी पोर्ट्स 1.55, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.35, बजाज फिनसर्व 1.16, नेस्ले इंडिया 0.95, एनटीपीसी 0.85, एचसीएल टेक 0.84, आईसीआईसीआई बैंक 0.77, टाटा मोटर्स 0.73, एलटी 0.64, इंफोसिस 0.45, आईटीसी 0.37, टाटा स्टील 0.36, रिलायंस 0.10 और एसबीआई 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 5.12, टाइटन 1.99, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.24, मारुति 1.12, एशियन पेंट 0.74, भारती एयरटेल 0.54, इटरनल 0.47, एक्सिस बैंक 0.35, अल्ट्रासिम्को 0.29 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.22 प्रतिशत लाभ में रहे।

## टाटा पावर ने शुरू किया किफायती रूफटॉप सौर समाधान

**नई दिल्ली,** 18 जून (एजेंसियां)। विद्युत क्षेत्र की निजी कंपनी टाटा पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने 'घर घर सोलर' पहल के तहत हर घर तक स्वच्छ ऊर्जा पहुंचाने के उद्देश्य से ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में देश के सबसे सस्ते और सुलभ रूफटॉप सौर समाधान की शुरुआत की है।




कंपनी ने बुधवार को यहां बयान जारी कर बताया कि इस योजना के तहत ओडिशा के निवासी अब मात्र 2,499 रुपए की न्यूनतम अग्रिम राशि देकर एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली अपने घर पर स्थापित कर सकते हैं। दो किलोवाट के लिए 4,999 रुपए और तीन किलोवाट के लिए 7,999 रुपए की प्रारंभिक लागत रखी गई है। टीपीआरईएल की यह पहल केंद्र सरकार की 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' और राज्य सरकार की अतिरिक्त सब्सिडी योजनाओं के साथ मिलकर उपभोक्ताओं के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रही है। केंद्र सरकार तीन किलोवाट तक की प्रणाली पर 78,000 रुपए तक की सब्सिडी दे रही है। साथ ही राज्य सरकार एक किलोवाट पर 25,000 रुपए, दो किलोवाट पर 50,000 रुपए और तीन किलोवाट या उससे अधिक पर 60,000 रुपए तक की अतिरिक्त सब्सिडी दे रही है। इन योजनाओं से कुल स्थापना लागत का एक बड़ा हिस्सा सब्सिडी के रूप में कवर हो जाता है।

## प्रथम पेज का शेष

ईरान समर्पण नहीं.... उन्होंने एक्स पर लिखा- जंग शुरू होती है। हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। इस ऐलान के बाद ईरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागीं।

ईरान ने मंगलवार को नागरिकों को अपने स्मार्टफोन से वॉट्सएप हटाने का आदेश दिया है। सरकार का आरोप है कि मैसेजिंग ऐप के जरिए ईरानी लोगों की जानकारी इजराइल भेजी जा रही है। हालांकि, वॉट्सएप ने एक बयान में इन दावों को खारिज कर दिया और कहा कि वॉट्सएप एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है, जिसका मतलब है कि सर्विस प्रोवाइडर यूजर्स के मैसेज नहीं पढ़ सकता है। ईरान और इजराइल के बीच 13 जून से संघर्ष जारी है। वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 585 हो चुका है। 1,326 लोग घायल हुए हैं।

ट्रंप के साथ बातचीत पर.... अध्यक्षता करनी चाहिए, ताकि विपक्ष के नेताओं को जानकारी दी जा सके कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति से टेलीफोन पर बातचीत में कहा क्या है। कांग्रेस चाहती है कि सरकार इस मुद्दे पर देश को विश्वास में ले। पार्टी ने पहलगाम हमले और उसके बाद के घटनाक्रम की समीक्षा और सुझाव के लिए कारगिल युद्ध के समय की तरह एक विशेषज्ञ समिति गठित करने और उसकी रिपोर्ट संसद में रखे जाने की भी मांग की है।

कांग्रेस ने उन खबरों को भी 'बड़ा झटका' करार दिया, जिनमें कहा गया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को श्री ट्रंप के साथ वाशिंगटन में आज दोपहर के भोजन पर आमंत्रित किए गए हैं। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को इस पर भारत की नाराजगी से अवगत कराना चाहिए था। पार्टी ने कहा है कि आपरेशन सिन्दूर के दौरान 10 मई को संघर्ष विराम के बाद से लेकर अब तक 14 बार श्री ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने युद्ध विराम में मध्यस्थता की, उन्होंने व्यापार को एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया और उन्होंने पाकिस्तान और भारत को एक साथ रखा लेकिन प्रधानमंत्री अब तक चुप्पी साधे रहे।

प्रदेश में पर्यटकों के लिए.... जैसे कार्य कर रहा है। दस हजार महिलाओं को हॉस्पिटेलिटी की ट्रेनिंग दी गई है। साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाएं और कारीगर कलाकृतियां तैयार कर रहे हैं, जिन्हें पर्यटक खरीदकर साथ लेकर जाते हैं और इन कृतियों के लिए देशभर के प्रतिष्ठित होटल्स से ऑर्डर मिल रहे हैं। गांव में टूरिज्म को बढ़ाने में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का सहयोग भी टूरिज्म बोर्ड को मिल रहा है।

कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, प्रमुख सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी सहित जिलों के कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारी सहित विभिन्न जिलों के प्रतिभागी और संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

3 हजार का वार्षिक फास्टैग.... प्लाजाओं को लेकर लंबे समय से चली आ रहें चिंताओं को संबोधित करेगी और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी। वार्षिक पास नीति, प्रतीक्षा समय घटाकर, भीड़ कम कर और टोल प्लाजाओं पर विवाद को समाप्त कर, लाखों निजी वाहन चालकों के लिए तेज, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले महीने चर्चा थी कि सरकार एक नई टोल नीति पर काम कर रही है, जो यात्रियों के लिए राजमार्ग यात्रा को अधिक सहज और किफायती बना सकती है।

इससे पहले अप्रैल में सरकार ने कहा था कि टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध, बिना किसी परेशानी के आवाजाही को सक्षम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चुनिंदा टोल प्लाजा पर 'एएनपीआर-फास्टैग बेस्ट बैरियर-लैस टोलिंग सिस्टम' लागू किया जाएगा।

मंत्रालय ने बताया था कि यह एडवांस टोलिंग सिस्टम 'ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन' (एएनपीआर) टेक्नोलॉजी, जिसमें नंबर प्लेट से वाहनों की पहचान की जाती है और 'फास्टैग सिस्टम', जो कि रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) पर काम करता है, दोनों का मिश्रण होगा। इस सिस्टम के तहत वाहनों से टोल हाई परफॉर्मेंस वाले एएनपीआर कैमरा और फास्टैग रीडर्स के माध्यम से लिया जाएगा, जिसमें वाहनों को टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता नहीं होगी।

कौन सा अनाज खाते हो.... लिए शामिल किया गया है। सरकार यह जानना चाहती है कि परिवार मुख्य रूप से गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी या अन्य अनाज का उपयोग करते हैं। यह डेटा मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देने और खाद्य नीतियों को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

डिजिटल जनगणना- एक नया युग-जनगणना 2027 में पहली बार पेपरलेस प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके लिए एक विशेष मोबाइल ऐप और ऑटो-कैल्कुलेशन पोर्टल विकसित किया गया है, जहां लोग अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को एक यूनिक आईडी नंबर प्रदान किया जाएगा, जो डेटा की गोपनीयता और सटीकता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा, जीपीएस तकनीक का उपयोग करके डेटा कलेक्शन की सटीकता को बढ़ाया जाएगा, और फील्ड सपोर्ट व डायग्नोस्टिक टूल्स की मदद से समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना 2027 में जातिगत आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे जनगणना 2027 के आंकड़े न केवल सरकार को नीतियां बनाने में मदद करेंगे, बल्कि 2026 में गठित होने वाले परिसीमन आयोग के लिए भी आधार प्रदान करेंगे। यह आयोग लोकसभा और विधानसभा सीटों के नए सीमांकन के लिए डेटा का उपयोग करेगा, जिससे दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या नियंत्रण नीतियों के कारण संसदीय सीटों के नुकसान की आशंका को लेकर बहस शुरू हो गई है। 13,000 करोड़ रुपये का आ सकता है खर्चा-देश भर से जनसंख्या संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराने का यह विशाल कार्य लगभग 34 लाख गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों तथा डिजिटल उपकरणों से लैस लगभग 1.3 लाख जनगणना कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इसपर सरकार के 13 हजार करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।